* वर्ष 40 * अंक 75 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 14 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

भेष तो बदलते हैं, पर जनता के बीच नहीं जाते

प्रियंका गांधी ने कहानी सुना पीएम मोदी पर किया तंज

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को संसद में अपना पहला भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने जहां सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तंज कसा। प्रियंका गांधी ने कहानी सुनाते हुए कहाकि पीएम भेष तो बदलते हैं, लेकिन वह जनता के बीच नहीं जाते। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री जी यहां संविधान को माथे पर लगाते हैं, लेकिन न्याय की गुहार उठाने पर उनके माथे पर शिकन भी नहीं आती। प्रियंका ने कहाकि पीएम मोदी समझ नहीं पाए हैं कि भारत का संविधान, संघ का विधान नहीं है। प्रियंका वाड्रा ने अपने संबोधन के दौरान एक कहानी सुनाई। कांग्रेस सांसद ने कहाकि अध्यक्ष महोदय हमने बचपन में एक कहानी सुनी थी। शायद आपने भी सुनी होगी। एक राजा हुआ करता था। वह भेष बदलकर जनता के बीच जाता था, ताकि वह यह जान सके कि लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। इसके आगे प्रियंका ने कहाकि पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहाकि हमारे प्रधानमंत्री भेष तो बदलते हैं, लेकिन उनके अंदर जनता के बीच जाने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि 'एक व्यक्ति' को बचाने के लिए देश की जनता को नकारा जा रहा है।

15 को होगा महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार

शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में

मुंबई (एजेंसी)। भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 15 दिसंबर को होगा। नए मंत्री नागपुर में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बीजेपी के सीनियर नेता ने बताया कि लगभग 30 मंत्री शपथ लेंगे। राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र नागपुर में 16 दिसंबर से शुरू होगा। मुंबई में 5 दिसंबर को भव्य समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ मोर्चे को शानदार चुनावी विजय दिलाने के बाद भाजपा 12 जनवरी को शिरडी में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेगी। इसमें युवाओं के बीच संपर्क कार्यक्रम चलाने समेत विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि शिरडी में होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और 10000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

'बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा देश' कहने वाले जज के खिलाफ राज्यसभा में महाभियोग का नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के हाल में दिए गए कथित 'विवादास्पद बयान' के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के वास्ते शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। हाल ही में एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था कि यह देश बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यादव के खिलाफ महाभियोग के लिए 55 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कांग्रेस के कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और दिग्विजय सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रिटास, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि सांसदों ने आज उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होने से कुछ मिनट पहले राज्यसभा के महासचिव से मुलाकात की और महाभियोग का नोटिस सौंपा। नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले अन्य प्रमुख सांसद पी चिदंबरम, रणदीप सुरजेवाला, प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, नसीर हुसैन, राघव चड्ढा, फौजिया खान, संजय सिंह, ए ए रही, वी शिवदासान और रेणुका चौधरी हैं। न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की मांग करते हुए न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 और संविधान के अनुच्छेद 218 के तहत प्रस्ताव के लिए नोटिस पेश किया गया।

किसान सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मैं भी किसान परिवार से, तकलीफ जानता हूं

70 लाख से ज्यादा किसानों को 702 करोड़ की दूसरी सम्मान निधि किस्त जारी की

अजमेर (पुकार)। किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 70 लाख से ज्यादा किसानों को 702 करोड़ रुपए की सम्मान निधि की दूसरी किस्त जारी की। इस आयोजन में सीएम ने किसानों-पशुपालकों से जुड़ी 4 नई योजनाओं की भी शुरुआत की। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- किसान धरती माता का सच्चा सपूत है। मैं भी किसान के परिवार में जन्मा हूं, सब जानता हूं। कैसे खेती होती है। किसान, सर्दी में कितनी तकलीफ पाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। किसान धरती माता का सच्चा सपूत है। 23 दिसम्बर को पूरे देश में किसान दिवस मनाने जा रहा है। किसान दिवस की शुरुआत अटल बिहारी सरकार ने की थी। प्रधानमंत्री मोदी के मन में किसानों का भला करने की इच्छा शक्ति है। कार्यक्रम में विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- राजस्थान में 4 जातियां है, किसान, गरीब, युवा और महिलाएं। हमारे किसानों को नई तकनीक

को अपनाना चाहिए। किसान का जीडीपी में भी योगदान है। किसान केवल व्यवसाय नहीं करता। यह जमीन से जुड़ा है। किसान राजनैतिक षड़यंत्र के शिकार न बनें। देश के विकास में अहम भूमिका है। इसमें सहभागी बने। योजनाओं तो बहुत है, लेकिन अधिकारी इसे धरातल पर उतरे। किसान की खुशहाली का ध्यान रखे।

महिलाओं को मिलेंगे डेयरी बूथ

अजमेर की कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के किसान वर्चुअल रूप में जुड़े। इस दौरान 20 हजार गोपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। वहीं महिला सहकारी डेयरी समिति की महिलाओं को 1 हजार सरस डेयरी बूथ आवंटित किए गए। इसके तहत अब महिलाओं को डेयरी बूथ के आवेदन में प्राथमिकता दी जाएगी। जहां महिलाएं डेयरी के उत्पाद बेच सकेंगी। पहला डेयरी बूथ अलॉटमेंट लेटर कंचन देवी को दिया गया।

सरकार ने शुरू की 4 नई योजनाएं

- मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना
- ऊंट संरक्षण और विकास मिशन
- 200 नए बल्क मिल्क कूलर्स
- 1 हजार दूध संकलन केंद्र (महिलाओं के लिए)

किसानों को राशि वितरण

- 70 लाख किसानों को 702 करोड़ रुपए की किसान सम्मान निधि
- 3.25 लाख पशुपालकों को 5 रुपए प्रति लीटर की दर से 200 करोड़
- 20,000 गोपालकों को 1 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण
- 15,000 किसानों को सोलर पंप के लिए 300 करोड़ रुपए
- 15,000 किसानों को फव्वारा और ड्रिप के लिए 29 करोड़ रुपए
- 14,200 किसानों को फार्म पोंड, पाइप लाइन के लिए 96 करोड़ रुपए
- 10,000 छात्राओं को कृषि में अध्ययन के लिए 22 करोड़ रुपए
- 8,000 सौर ऊर्जा संयंत्रों के संवेदकों को 80 करोड़ रुपए
- 150 पैक्स गोदाम निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए
- 100 गौशालाओं को गौ काष्ठ मशीन

एम्बेसी की तर्ज पर हर राज्य में ऑफिस खोलेगी राजस्थान सरकार

मंत्री बोले- लोगों को होगा फायदा

जयपुर (पुकार)। राजस्थान में चल रहे राइजिंग राजस्थान में निवेश करने वाले लोगों और प्रवासी राजस्थानियों के लिए सरकार एक नई पहल करने जा रही है। इन लोगों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर राजस्थान न आना पड़े इसके लिए हर राज्य में राजस्थान सरकार प्रवासी केन्द्र खोलने की तैयारी कर रही है। ये केन्द्र एक तरह से एंबेसी के तौर पर काम करेंगे। यहां प्रवासी राजस्थानी अपनी सरकार से संबंधित कोई भी समस्या यहां दर्ज करवा सकते है। उसका निस्तारण करवा सकते हैं। राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर जिलेवार हो रहे कार्यक्रम के दौरान जयपुर में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने इस बारे में जानकारी दी। मंत्री ने बताया- सरकार पिछले दिनों बड़े स्तर पर राइजिंग राजस्थान समिट आयोजित किया है। इसमें 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए हैं। इन एमओयू को धरातल पर लाने का काम अब तेजी से किया जाएगा। हमारी सरकार ने इन एमओयू को करने वाले व्यापारियों और खासकर प्रवासी राजस्थानियों के लिए विशेष कदम उठाने का निर्णय किया है। इसके तहत दूसरे राज्यों में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों को अब सरकार से संबंधित किसी भी काम के लिए राजस्थान न आना पड़े इसके लिए हम हर राज्य में प्रवासी केन्द्र खोलने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर अभी उच्च स्तर पर चर्चा हो रही है। संभावना है कि जल्द ही इस पर कोई फैसला आ सकता है।

एंबेसी की तर्ज पर होगा काम

जोगाराम पटेल ने बताया- अगर सरकार इन केन्द्रों को खोलती है तो इस पर काम एक एम्बेसी की तर्ज पर होगा। इसमें उस राज्य में रहने वाला प्रवासी राजस्थानी सरकार से जुड़ी योजनाओं और स्कीम के बारे में जानकारी ले सकता है। इसके साथ ही अगर वह कोई निवेश करने का इच्छुक होगा तो वह उस केन्द्र के जरिए अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकेगा।

उदयपुर में महिला सम्मेलन आज : गांधी ग्राउंड में होगा आयोजन, सीएम आएंगे, कई योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

उदयपुर (पुकार)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को उदयपुर के ग्राउण्ड उदयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही है गांधी ग्राउंड में डोम तैयार करते हुए सजावट को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आतिथ्य में गांधी ग्राउण्ड पर शनिवार दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन होगा। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने दावा किया है कि इस आयोजन में 10 हजार से अधिक महिलाओं की सहभागिता रहेगी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी, प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यमंत्री मंजू बाघमार सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जिले के प्रभारी सचिव तथा खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकान्त ने शुक्रवार को उदयपुर पहुंच कर तैयारियां का जायजा लिया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राजसखी (सरस) राष्ट्रीय मेला 2024 का वर्चुअल शुभारम्भ करेंगे। साथ ही लखपति दीदी सम्मान, स्वयं सहायता समूहों को आजीविका संवर्द्धन राशि हस्तान्तरण, महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण, राजसखी पोर्टल का शुभारम्भ, नमो ड्रोन दीदी सम्मान, इलेक्ट्रीक कुकिंग सिस्टम वितरण करेंगे।

सीएम सुरक्षा कमाण्ड सेन्टर एवं पैनिक बटन परियोजना का शुभारम्भ, आपातकाल में पुलिस सहायता हेतु महिला हेल्पलाइन एप्प का शुभारम्भ, आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारम्भ करेंगे।

इसके अलावा वे प्रधानमंत्री मातृवन्दन योजना के तहत् ?किश्त हस्तान्तरण, लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत् प्रथम किश्त हस्तान्तरण, 27 लाख महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से सिलेण्डर सब्सिडी का भुगतान करेंगे और स्कूटी एवं साइकिल वितरण भी करेंगे।

प्रभारी मंत्री करेंगे विकास पुस्तिका का विमोचन

राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार सुबह 10 बजे प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा के आतिथ्य में सूचना केंद्र परिसर में होगा। संयुक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ कमलेश शर्मा ने बताया कि प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति इसमें रहेगी।

भारत ने सीरिया से सुरक्षित निकाले 77 नागरिक, लेबनान के रास्ते हुई निकासी; इजरायल में सभी सेफ

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की वापसी को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अब तक सीरिया से 77 भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। ये वे लोग हैं, जिन्होंने भारत लौटने की इच्छा जताई थी। वहीं, अन्य भारतीय नागरिक जो वहां स्थायी रूप से रह रहे हैं, यदि वे लौटना चाहें तो उनकी वापसी में भी सरकार मदद करेगी।

सीरिया से 77 भारतीयों की सुरक्षित वापसी : प्रवक्ता ने बताया कि सीरिया से निकाले गए 77 भारतीयों को लेबनान के रास्ते सुरक्षित भारत लाया गया। सीरिया और लेबनान में भारतीय दूतावास ने इस प्रक्रिया में नजदीकी तालमेल के साथ काम किया। भारतीय नागरिकों को सड़क मार्ग से लेबनान लाया गया, जहां से उन्हें इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इन 77 लोगों में से 44 लोग धार्मिक स्थलों की यात्रा पर थे, जो अब बेरूत से आगे की यात्रा के लिए निकल चुके हैं। वहीं, शेष 30 लोग या तो भारत लौट चुके हैं या यात्रा कर रहे हैं और जल्द ही भारत पहुंचेंगे। रणधीर जायसवाल ने यह भी बताया कि दमिश्क में रहने वाले अन्य भारतीयों से दूतावास लगातार संपर्क में है और यदि उन्हें मदद की आवश्यकता होगी, तो भारतीय दूतावास उनकी मदद करेगा।

इजरायल में भारतीय नागरिक सुरक्षित : इजरायल में वर्तमान में 32,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय दूतावास इन सभी नागरिकों के संपर्क में है। अभी तक इजरायल या किसी अन्य देश से नागरिकों की वापसी के लिए कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी भारतीय नागरिक को आवश्यकता पड़ने पर हर संभव मदद दी जाएगी। इस संकट के दौरान भारतीय दूतावास संबंधित देशों में अपने नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है।

प्रदेश की 230 एडवोकेट बार में एक साथ हुए चुनाव, मतगणना आज

जयपुर। प्रदेश की करीब 230 एडवोकेट बार में आज एक साथ चुनाव हुए। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के वन बार, वन वोट के नियमों के तहत हाईकोर्ट बार एसासिएशन, जयपुर व दी बार एसोसिएशन जयपुर व दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सहित प्रदेश की करीब 230 पंजीकृत बार एसोसिएशन में 2024-25 के वार्षिक चुनाव हुए। पिछले साल से प्रदेश की सभी एडवोकेट बार में एक साथ दिसम्बर माह के दूसरे शुक्रवार को वोटिंग होती है। वहीं इसके अगले दिन शनिवार को काउंटिंग की जाती है। हालांकि कुछ ऐसी बार भी जिनके संविधान के अनुसार उनके वार्षिक चुनाव 2 साल में होते है। ऐसे में उन्हें छोड़कर शेष सभी बार में आज अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

हाई कोर्ट बार जयपुर में 87.80 प्रतिशत मतदान : हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेश कर्नल ने बताया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में 5,716 मतदाता रजिस्टर्ड थे। इनमे से आज 5,017 मतदाताओं ने आज अपना वोट कास्ट किया। यहां मतदान प्रतिशत 87.80 प्रतिशत रहा। उन्होने बताया कि हाई कोर्ट बार के सतीशचंद्र सभागार में शनिवार सुबह 10 बजे से मतगणना होगी। मतगणना को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है।

उदयपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर चंद्रभान शक्तावत विजयी

देवीलाल उपाध्यक्ष तो महावीर प्रसाद महासचिव बने

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर बार एसोसिएशन चुनाव निर्णय चंद्रभान सिंह शक्तावत बने बार एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी चेतन पुरी गोस्वामी को हराया। रात करीब 10.05 बजे मतगणना पूरी हुई। शक्तावत 84 वोटों से चुनाव जीते। चंद्रभान सिंह गोपालपुरा भींडर के रहने वाले और करीब 20 वर्ष से वकालत करते है और पूर्व में 2018 में महासचिव रहे।

किस पद पर कौन जीता

अध्यक्ष : चन्द्रभान सिंह शक्तावत
उपाध्यक्ष : देवीलाल जाट
महासचिव : महावीर प्रसाद शर्मा
सचिव : अभिषेक कोठारी
वित सचिव : राजकुमार शर्मा
पुस्तकालय सचिव : खेमराज डांगी

इससे पहले छोटे-मोटे विवादों के बीच उदयपुर बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। उदयपुर कोर्ट में सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू हुई, जो दोपहर 2 बजे तक चली। कोर्ट के मुख्य गेट से लेकर अंदर परिसर तक जबर्दस्त माहौल देखा गया। वोटिंग के लिए आने वाले वकीलों से अन्य वकील अपने प्रत्याशी के समर्थन में मांगते नजर आए। कुल 2929 मतदाता में से 2316 मतदाताओं ने वोट डाला।

कोई पैम्फलेट दिखाकर और तो कोई हाथ जोड़कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने की अपील करता दिखा। पूरे कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में वकीलों की भीड़ जमा थी। हर बार की तरह इस बार भी हाईकोर्ट बैंच लाने का प्रमुख मुद्दा प्राथमिकता है। हालांकि इसके अलावा कोर्ट परिसर में वकीलों के चैम्बर, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं विकसित करने जैसे मुद्दे हैं।

अध्यक्ष पद पर किसको कितने वोट मिले

उम्मीदवार का नाम	वोट मिले
चन्द्रभान सिंह शक्तावत	761
चेतनपुरी गोस्वामी	677
संदीप श्रीमाली	76
सत्येंद्र सिंह सांखला	525
शिव कुमार उपाध्याय	256
निरस्त वोट	**22**
कुल वोट	**2317**

अल्लू अर्जुन को हाईकोर्ट से जमानत : लोकल कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था; भगदड़ में महिला की मौत का मामला

हैदराबाद (एजेंसी)। पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान महिला की मौत के मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। इससे पहले उन्हें हैदराबाद की कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। एक्टर को शुक्रवार सुबह उनके घर से दोपहर 12 बजे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 4 बजे उन्हें लोकल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया। इसके बाद एक्टर ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 5 बजे हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। अल्लू पर आरोप है कि वह 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में बिना बताए पहुंचे थे। इससे वहां भीड़ जमा हो गई और भगदड़ मच गई थी। कई लोग जख्मी हो गए थे। हाईकोर्ट में अल्लू के वकील ने बचाव में शाहरुख की फिल्म रईस केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, गुजरात में प्रमोशन के दौरान खान ने भीड़ पर टी-शर्ट फेंके थी। इसके बाद भगदड़ मची थी। इस मामले में एक्टर पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया था। वकील ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट ने शाहरुख को राहत दी थी।

अल्लू का आरोप- पुलिस ने नाश्ता तक नहीं करने दिया : सूत्रों के मुताबिक, अल्लू अर्जुन ने अपनी गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई है। एक्टर ने दावा किया है कि पुलिस ने नाश्ता खत्म नहीं करने दिया। कपड़े भी बदलने नहीं दिए। एक वीडियो में एक्टर घर से नीचे उतरकर पार्किंग में आते हैं। वहां उनका नौकर दौड़कर आता है और चाय और पानी देता है। वे वीडियों में चाय पीते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी दिखाई देती हैं। अल्लू पत्नी को समझाते हैं। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले जाती हैं।

पुलिस ने अल्लू को उनके घर से हिरासत में लिया, फिर गिरफ्तार किया

पुलिस ने अल्लू अर्जुन को पहले उनके घर से हिरासत में लिया। इसके बाद उनका बयान दर्ज किया गया। फिर उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए उस्मानिया अस्पताल ले जाया जाएगा। इस दौरान उनके ससुर हैदराबाद के चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे। अल्लू अर्जुन के खिलाफ बीएनएस की धारा 105, 118 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह गैर जमानती धारा है।

अल्लू के निजी बॉडीगार्ड संतोष को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मृतक के पति ने कहा- भगदड़ में अल्लू की जिम्मेदारी नहीं

मृतक रेवती के पति कहा कि उन्हें अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं केस वापस लेना चाहता हूं। भगदड़ मचने में अल्लू की सीधे कोई जिम्मेदारी नही है। वह अपनी पत्नी और बच्चों को प्रीमियर शो दिखाने ले गया था। अचानक लोग अल्लू अर्जुन को देखने आगे बढ़ गए। उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है।

थिएटर प्रबंधन ने कहा- फिल्म के प्रीमियर में अल्लू आने की सूचना पुलिस को दी थी

थिएटर प्रबंधन ने दावा किया है कि उन्होंने एक्टर के पुष्पा-2 के प्रीमियर से दो दिन पहले ही पुलिस को सूचना देकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। इसके बावजूद, पुलिस ने इंतजाम नहीं किए। उधर, पुलिस का कहना है कि थिएटर ने कोई जानकारी नहीं दी।

संक्षिप्त समाचार

मनोवैज्ञानिक परामर्श की महत्वपूर्ण आधारशिला है आर्ट थेरेपी : डॉ.पारीख

उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आर्ट थेरपी प्रशिक्षण विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के कनविनर, मनोविज्ञान विभाग के इंचार्ज अध्यक्ष डॉ तरुण कुमार शर्मा थे। आयोजन सचिव डॉ वर्षा शर्मा, सहायक आचार्य मनोविज्ञान विभाग ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाला में आर्ट थेरेपी की तकनीक से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण सत्र हुए जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. हर्षिका पारीक फाउंडर डायरेक्टर, काउंसलिंग चेयर, जयपुर ने ब्रेथ वर्क, ग्राउंडिंग तकनीक, माइंडफूलनेस ,माइंड बॉडी कनेक्शन फ़ॉर ट्रॉमा रिलीज , ड्रीम एनालिसिस हीलिंग एंड कनेक्टिंग विद सेल्फ, कलर थेरेपी , बर्ड नेस्ट टेक्निक , हाउस ट्री पर्सन ड्राइंग टेक्निक आदि की सहायता से क्लाइंट की समस्या को समझना तथा ट्रीटमेंट प्लान बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षित परामर्शदाता शिविका पटेल, सित्ता हेल्थ सर्विस, हैदराबाद ने प्रतिभागियों को दृढ़ ग्राही संचार प्रणाली, आर्ट जर्नलिंग, गाइडेड इमेजरी विथ म्यूजिक, सिंबॉलिक हीलिंग, इमोशनल रेगुलेशन, बॉडी पेंटिंग, मनोवैज्ञानिक बॉउंड्री आदि तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया । कार्यशाला में डॉ रश्मि सिंह, डॉ रमेश बागड़ी ,हनुमंत देवड़ा उपस्थित थे।

रेखा श्रीमाली बनी महिला संगठन की अध्यक्ष

उदयपुर (पुकार)। श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में रेखा श्रीमाली की नाम की घोषणा की। मेवाड़ श्रीमाली समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली द्वारा रेखा श्रीमाली को श्रीमाली समाज मेवाड़ महिला संगठन के अध्यक्ष बनाने की घोषणा शुक्रवार को की गई। मेवाड़ श्रीमाली समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली ने बताया कि रेखा श्रीमाली का शिक्षण क्षेत्र में लंबा प्रबंधकीय और शैक्षणिक अनुभव रहा है। साथ ही वे समाज के कार्य में भी लगातार सक्रिय रही है। ऐसे में मेवाड़ अंचल के श्रीमाली समाज संगठन के महिला संगठन की अध्यक्ष बनकर वह न सिर्फ समाज की महिलाओं के हित में काम करेगी बल्कि उन्हें जीवन में उन्नति करने में भी सहयोगी रहेगी। रेखा श्रीमाली पिछले 27 वर्षों से ज्योति शिक्षण संस्थान उदयपुर में कार्यरत है। मेवाड़ श्रीमाली समाज के अध्यक्ष के रूप में दिग्विजय श्रीमाली के निर्वाचन के बाद समाज में अलग-अलग वर्गों में भी जिम्मेदारियां दी जा रही है, जिसमें पूर्व में मेवाड़ अंचल के युवा अध्यक्ष के रूप में प्रफुल्ल श्रीमाली को नियुक्त किया गया था, साथ ही अलग-अलग जिलों के जिला अध्यक्ष भी घोषित किए गए थे। इसी कड़ी में अब मेवाड़ संभाग के श्रीमाली समाज महिला संगठन की अध्यक्ष के तौर पर रेखा श्रीमाली को जिम्मेदारी दी गई है।

खाटू श्याम भजन संध्या आज

उदयपुर (पुकार)। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट की ओर से शनिवार 14 दिसंबर को सवीना चौराहा, सेक्टर-14, 100 फीट रोड , सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट की ओर से कैलाश गर्ग ने बताया कि यह भजन संध्या शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी। संध्या में नीमच से अशरफ भाई एंड पार्टी, दीपक अरोडा, मास्टर अगसद व अनिल भट्ट तथा स्थानीय कलाकारों की ओर से बाबा के एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। बाबा का विशेष फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भजन संध्या में सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

नाहर सिंह जोधा उदयपुर शहर देहात एवं गजपाल सिंह राठौड़ को राजसमंद जिला समन्वयक नियुक्त

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान सरकार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सफलतम एक वर्ष पुरे होने पर 17 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के दादियाँ स्थान पर विशाल आम सभा को सम्बोधित करेगे। पार्टी संगठन द्वारा कार्यक्रम में तीन लाख से अधिक का लक्ष्य लिया गया उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा से एक हज़ार कार्यकर्ताओं को जयपुर ले जाने का लक्ष्य लिया गया है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश उपध्यक्ष नाहर सिंह जोधा को उदयपुर शहर एवं देहात जिले का एवं उदयपुर शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़ को राजसमन्द जिला समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई। यह जानकारी भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

भटनागर बने राज्य स्तरीय विशेषज्ञ अंकन समिति के अध्यक्ष

उदयपुर (पुकार)। भारत सरकार के पर्यावरण, जल एवं जलवाय मंत्रालय ने राजस्थान राज्य में पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्राधिकरण एवं राज्य स्तरीय चार समितियों के गठन की अधिसूचना 10 दिसम्बर, 2024 को जारी की गई। उदयपुर संभाग के उदयपुर, राजसमन्द, डुंगरपुर, बॉसवाड़ा, चित्तौडगढ, प्रतापगढ व भीलवाड़ा जिला के लिए सभी प्रकार के प्रकरणों में पर्यावरण अनापत्ति पत्र के अंकन के लिए राज्य स्तरीय विशेषज्ञ अंकन समिति-4 में राहुल भट्नागर को अध्यक्ष एवं सदस्य के रुप में ओम प्रकाश शर्मा, नवीन कुमार व्यास, सतीश श्रीमाली, डॉ. अनुपम भट्टनागर को तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। समिति के सदस्य सचिव राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल अपर मुख्य पर्यावरण अभियंता विनय कट्टा का पदस्थापन पूर्व में ही राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है। यह समिति नए प्रकरणों के अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट द्वारा 31 मार्च, 2025 तक खानों के पर्यावरण स्वीकृति के प्रकरण प्राधिकरण को दिए गए समय के संबंध में भिजवाते हुए प्राथमिकता से कार्य करेगी।

कौशल विकास कार्यशाला' का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। गुरु नानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य और प्रबंध संकाय और एकेडमिक एसोसिएशन ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय 'कौशल विकास कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान सचिव सरदार अमरपाल सिंह पाहवा सर और प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अनिल कोठारी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को टेली सॉफ्टवेयर के उपयोग में कौशल बनाना है, जो एकाउंटिंग और फाइनेंस के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अनिल कोठारी सर ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्राओं के कौशल को निखारने, विशेषज्ञों से सीखने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में है। यह कार्यक्रम छात्राओं के संवाद कौशल, तकनीकी कौशल जैसे क्षेत्रों में व्यवहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करेगा। कार्यशाला के प्रमुख प्रशिक्षक सीए डॉक्टर हेमंत कडूनिया रहे। डॉ हेमंत ने छात्राओं को टेली विषय पर महत्वपूर्ण व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया, जो निश्चित रूप से छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयास और परिश्रम करने से छात्राओं को आज के इस प्रतियोगी युग में नौकरी प्राप्त करने में आसानी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉक्टर श्वेता जैन ने किया।

जेजेसी परिवार के 50 सदस्यों का दल बाली इण्डोनेशिया हुआ रवाना

नवकार महामंत्र के जयकारों से गूंज उठा सब सिटी सेन्टर

बाली में सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर के संरक्षण एवं विकास पर चर्चा

उदयपुर (पुकार)। सामाजिक संस्था जैन जागृति सेन्टर उदयपुर का 50 सदस्यों का दल जेजेसी के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के नेतृत्व में आठ दिवसीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा पर बाली इण्डोनेशिया के लिए रवाना हुआ। फत्तावत ने बताया कि उदयपुर से 13 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे यात्रियों का दल बस द्वारा अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ। जहां रात को 11 बजे बाली के लिए विमान द्वारा रवाना होगें। यह दल बाली के जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर के संरक्षण एवं विकास पर चर्चा करेंगे। साथ ही वहां की हिन्दू संस्कृति एवं धार्मिक मंदिरों का अवलोकन कर सनातन संस्कृति के बारे में विस्तार से जानकारी लेंगे।

अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा एवं महामंत्री नितिन लोढ़ा ने बताया कि दो देशों की सांस्कृतिक एवं सामाजिक विचारों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में बाली के कुटा, ताना लोट मंदिर, गरूड़ा विष्णु केन कान्हा मंदिर, उलूवातु मंदिर, नोसा पेनिडा वेस्ट आईलैण्ड, किटामनी वॉलकेनो, चावल व कॉफी के बागानों आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते वहां की संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों के बार में जानकारी लेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष अरूण मेहता ने बताया कि सवीना सब सिटी सेन्टर पर आयोजित स्वागत समारोह में सभी यात्रियों का गुड धनियां व मिश्री खिलाकर एवं तिलक, उपरणा से स्वागत किया गया एवं सुखद यात्रा की मंगलकामना प्रेषित की। गंतव्य स्थान पर जेजेसी परिवारों द्वारा यात्रियों को माला पहनाकर विदाई दी और अभिनंदन किया। यात्रियों को छोडने आए परिजन भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए पूरा वातावरण महावीर मय कर दिया। यात्रियों के दल को राजकुमार फत्तावत, समन्वयक चंद्रप्रकाश चोरडिया, महेंद्र तलेसरा, सुधीर चित्तौड़ा, अरूण मेहता, नितिन लोढ़ा, श्री महावीर युवा मंच संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी, महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया, भारतीय जैन संघटना के अध्यक्ष यवशंत कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंघवी, महामंत्री भूपेन्द्र गजावत, जेजेसी लेडिज विंग अध्यक्षा नीता छाजेड़, बीजेएस लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिया ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जितेन्द्र सिसोदिया, संदीप कावडिया, ललित कोठरी, राजेश भाणावत, संदीप कोठरी, वीरेंद्र सिंघवी, सुशील गांधी, सुरेश बाबेल, भरत दाणी, राकेश छाजेड़, निलेश भंडारी, सिद्धार्थ मोगरा, चित्रलेखा तलेसरा, रचिता मोगरा, प्रियंका जैन, वंदना नाहर, अंकुश सुराणा, पिंकी चित्तौड़ा, रिंकू चपलोत आदि मौजूद रहे।

विशाल रक्तदान शिविर कल, अग्रिम पंजीकरण आज से

उदयपुर (पुकार)। सरल सोसायटी उदयपुर के भूपालपुरा स्थित सरल सभागार में 200 यूनिट के लक्ष्य के साथ सरल ब्लड सेंटर, रक्तदाता युवा वाहिनी, सृजन द स्पार्क, जीवन ज्योति हॉस्पिटल एव गायत्री नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 15 दिसम्बर को एक 'विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' आयोजित किया जायेगा। जिसके पंजीकरण शनिवार को होंगे।

सोसायटी के मानद सचिव डॉ श्याम एस सिंघवी ने बताया कि स्वैचिछ्क रक्तदान का राजस्थान सरकार की प्रेरणा एवं आदेश पर राज्य-स्तर पर किया गया अनूठा प्रयोग है। जिसमे राज्य के अनुज्ञा प्राप्त सभी ब्लड बैंक से अपेक्षा की गई है वे अपने स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदान क्षेत्र में सेवारत संस्थाओं की सहभागिता से विशाल रक्त दान शिविर निश्चित समय पर आयोजित कर अपने अपने क्षेत्र में रक्तदान अभियान को गति प्रदान करें जिससे जरूरतमंद रोगियों के रक्त के आवश्यकताओं की पूर्ति सहज और त्वरित हो सकें। संस्था के संयुक्त सचिव संयम सिंघवी ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति में सफलता हेतु सरल सभागार में उक्त चार संस्थाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 200 यूनिट का लक्ष्य रखा गया है इसके साथ ही सलूम्बर में स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में 100 यूनिट्स के लक्ष्य के साथ इसी दिन शिविर आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा जो शाम 04 बजे तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ सहायक औषधि नियंत्रक ललित अजारिया, भूपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी, समाज सेवी जिनेन्द्र शास्त्री द्वारा, ट्रस्ट परिवार सहित कई गणमान्य सज्जनों-सन्नारियों की उपस्थिति में होगा। मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेश डांगी ने बताया कि पिछले सात दिनों से सभी संस्थाए व्यक्तिशः और समूह में लक्ष्य प्राप्ति हेतु जुटी हुई है।इसके सफलता हेतु ब्लड सेंटर द्वारा विभिन्न तीन टीमों का गठन किया गया है।उन्होंने शहर के 60 वर्ष से कम उम्र के सज्जनों और सन्नारियों और विशेषतः युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करके सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया। सरल ब्लड सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉ.ओ पी महात्मा ने अधिकतम रक्तदान हेतु सोसायटी के हेल्पलाइन 7410878899 पर अग्रिम पंजीकरण करने का करवाकर विशिष्ट सम्मान प्राप्त करने का आग्रह किया।

गीतांजली में 90 वर्षीय वृद्ध महिला की देहदान की इच्छा को पुत्र ने किया पूरा

उदयपुर (पुकार)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में पूज्य श्रीमती सुमन भार्गव का देहदान किया गया। गीतांजली हॉस्पिटल ने इस महान कार्य और सेवा भावना को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

शुक्रवार को गीतांजली मेडिकल कॉलेज में श्रीमती सुमन भार्गव, पत्नी स्वश्री ओम प्रकाश भार्गव का मरणोपरांत, उनकी इच्छानुसार, देह-दान हुआ। उनका मानना था कि रीति-रिवाज़ों में सकारात्मक परिवर्तन होते रहने चाहियें। हमें जितनी विज्ञान की आवश्यकता है,उतनी ही विज्ञान को हमारी है। इन्हीं विचारों से प्रेरित हो कर उन्हों ने देह-दान की इच्छा व्यक्त की, जिसे कार्यान्वित करने में उनका परिवार अत्यंत गर्वान्वित है। उनके परिवार का कहना है कि उन्हों ने इच्छा तो अंग-दान की भी व्यक्त की थी, लेकिन डाक्टरों ने उनकी स्थिति के मद्देनज़र प्रत्यारोपण के लिए मना कर दिया।

उनके एक बेटे, अनुपम भार्गव, सेवानिवृत स्टेट बैंक अधिकारी हैं और दूसरे, कर्नल निरुपम भार्गव, सेवानिवृत सेना अधिकारी। उनकी बहू, डा. सुनीता भार्गव गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्रोफेसर हैं।

देहदान प्रक्रिया के समय जीएमसीएच डीन डॉ संगीता गुप्ता, एडिशनल प्रिंसिपल डॉ मनजिंदर कौर, एनाटोमी विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश के.जी, डॉ मोनाली सोनवाने, डॉ सानिया के, डॉ सौरभ, डॉ संभव, डॉ शिवानी उपाध्याय मेनेजर ब्रांडिंग एंड पी.आर. कम्युनिकेशन हरलीन गंभीर, हॉस्पिटल के प्रबंधन, स्टाफ, विद्यार्थीगण और भार्गव समाज के सदस्य उपस्थित थे।

राजस्थान बीसीसीआई अंडर 15 महिला क्रिकेट के सेमीफ़ाइनल में

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ख़िताब की प्रमुख दावेदार मुंबई को बीसीसीआई की अंडर-15 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ख़िताब की प्रमुख दावेदार मुंबई को 29 रनों से पराजित कर सेमीफ़ाइनल में स्थान बनाया, राजस्थान की ओर से उदयपुर के राउमावि धार की छात्रा व एस के खेतान महिला क्रिकेट अकैडमी की प्रशिक्षु तनिष्का चौधरी ने कसी हुई गेंदबाज़ी करते हुए मुंबई के दो महत्वपूर्ण विकेट झटके । शारीरिक शिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार राजस्थान ने पूर्व क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ग्रुप मैचों में मध्य प्रदेश, गोवा, उत्तर प्रदेश व सिक्किम को पराजित किया जिसमें खब्बू स्पिनर तनिष्का चौधरी की किफायती गेंदबाज़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राजस्थान का सेमीफ़ाइनल मुकाबला 15 दिसंबर को बंगाल से होगा।

डी पी एस, उदयपुर के युवा वैज्ञानिकों को विज्ञान प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान

उदयपुर (पुकार)। विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा उदयपुर संभाग के युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञान परियोजना तथा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया गया।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा बारहवीं के छात्र आरव सिंह तथा कक्षा दसवीं के छात्र पार्थ छाबड़ा ने सुयुक्त रूप से अपने प्रोजेक्ट इ एल एस इ 5 (रॉकेट स्टेबेलाइजेशन मॉडल) का प्रदर्शन किया। संभाग स्तर पर विभिन्न स्कूलों से आए 30 से अधिक प्रोजेक्ट व मॉडल में इन युवा वैज्ञानिकों का प्रोजेक्ट व मॉडल सर्वश्रेष्ठ तथा प्रथम स्थान पर रहा। प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि ये विजेता छात्र जोधपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना एवं मॉडल प्रतियोगिता में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। विज्ञान की अध्यापिका श्रीमती मनीषा परिहार ने बताया कि कक्षा आठ के अनय वैश्य व धैर्येश पुरोहित झीलों की स्वच्छता हेतु बनाए री-बोट मोडेल तथा चौतन्य गवली व जाविया काजमी द्वारा फाइटो हील एआई मॉडल को निर्णायकों तथा दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उप प्राचार्य राजेश घाभाई ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

निःशुल्क बालिका सेल्फ डिफेंस कैंप का आगाज 26 से

उदयपुर (पुकार)। मां आशापुरा संगठन एवं मार्कोस मार्शल आर्ट अकादमी की अनूठी पहल के तहत 26 दिसम्बर से तीन माह चलने वाले बालिका सेल्फ डिफेंस कम्प का फतहस्कूल में आगाज होगा। इस सन्दर्भ में आज अशोका पैलेस में पोस्टर विमोचन किया गया।

मां आशापुरा संगठन एवं मार्कोस मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन एवं एकेडमी द्वारा आयोजित सेल्फ डिफेंस कैम्प के बारे में जानकारी दी गई।

संगठन के प्रमुख चेतन सोनी ने बताया कि यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण का प्रथम कैम्प तीन माह तक चलेगा। इस कैम्प में महिलाओं बालिकाओं एवं पुरूष भी भाग ले सकते हैं। कैम्प को दो भाग में किया जाएगा, एक भाग में महिला एवं बालिकाएं और दूसरे भाग में युवा पुरूष होंगे। कैम्प को जोइन करने के लिए आनलाईन फॉर्म भरना होगा। आप मां आशापुरा संगठन के पेज की बायो में उपलब्ध लिंक पर टेप करके फॉर्म भर सकते हैं। कैम्प प्रतिदिन प्रातः6.30 बजे से 8.30 बजे आयोजित होगा।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ' को ध्येय वाक्य मानकर यह केम्प किया जा रहा हैं। इस केम्प का प्रमुख ध्येय है की निर्भया गैंगरेप, बुलंदरशहर गैंगरेप कांड, वेटरनिटी डॉक्टर की रेप और हत्या, कठुआ कांड, हाथरस गैंगरेप कांड जैसी अप्रिय घटनाएँ न हो। बच्चियां अपनी सुरक्षा, सशक्तीकरण और संभावित हमलावरों को रोकने या उनका मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाने के लिए आत्मरक्षा की आवश्यकता होती है। जहां बांग्लादेश में जिस प्रकार मंदिर, हिंदू महिलाओं, युवतियों एवं युवाओं पर हमले हुए ये भी कारण है की हमें सनातन की रक्षार्थ ये आत्मरक्षा कैम्प आवश्यक हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार महिलाओं को सुरक्षा के हर संभव प्रयास का वादा करती हैं, पुलिस को महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर पुलिस प्रशासन त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

ट्रेनर तारा लौहार ने बताया कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षा महसूस नहीं कर पा रही है। ऐसे में उन्हें मजबूत होना बहुत जरूरी है। वर्तमान में महिलाओ एवं बालिकाओं पर हो रहे अत्याचारों से निपटाने के लिए आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर को ज्वाइन करना चाहिए। इस कैम्प में मेरे साथ एकेडमी की गर्ल्स महिलाओं और बालिकाओं को जुडो कराटे, मार्शल आर्ट, गेपलिग किक, बॉक्सिंग, नौनचौक का प्रशिक्षण देंगे।

ट्रेनर गौरी शंकर वासीटा ने बताया कि हम हर परिस्थिति में महिला और बालिकाओं के यह आत्म रक्षा के गुर सिखाएंगे, साथ ही लाठी प्रशिक्षण में एक लाठी, दो लाठी एकसाथ चलाना एवं तलवार प्रशिक्षण में एक, दो और तीन तलवार एकसाथ चलाने का हुनर देंगे। इस अवसर पर कमलेश जोशी, विजय जोशी, गिरराज कुमावत, सीताराम, निमित, उमेश सालवी, विक्रम, राजकुमार सेन, नरेश, अभय सोनी, कोमल सोनी, वृन्दा, उषा सोनी, अनु कुमावत आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

औषधीय रसायन पर विस्तार व्याख्यान

उदयपुर (पुकार)। पेसिफिक विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में ग्रीन केमिस्ट्री स्टडी सर्कल के अन्तर्गत वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय सूरत के प्रोफेसर एन.बी. पटेल ने ''औषधीय रसायन (मेडिसनल केमिस्ट्री) पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होने औषधीय रसायन के मूलभूत सिद्धांतो पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में नवीन औषधियों की खोज एंव शोध कार्य की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. हेमन्त कोठारी, एंव विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ. दिलेन्द्र हिरन ने विस्तार व्याख्यान के महत्व को बताया। प्रो. सुरेश आमेटा ने शोध कार्य में निरन्तरता की आवश्यकता बताई। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थी, फार्मेसी में अध्यनरत छात्र एंव शोधार्थियों ने सक्रिय भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतू शोरगर एवं डॉ. पारस टॉक ने किया।

जिले के पंच गौरव विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिले के पंच गौरव विषय पर स्कूली विद्यार्थियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुक्रवार को राबाउवि सेक्टर 4 में सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत आयोजित निबंध, क्विज व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को शनिवार को सूचना केन्द्र में आयोजित जिला विकास प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री हेमंत मीणा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भैरव राउमावि भीण्डर की लक्षिता चंदेरीवाल, द्वितीय राबाउमावि अंबेडकर कॉलोनी हिरणमगरी सेक्टर 4 की कृष्णा गर्ग, व तृतीय स्थान पर राउमावि परमदा की तब्बसुम रहीं। वहीं क्विज में प्रथम राबाउमावि अंबेडकर कॉलोनी हिरणमगरी सेक्टर 4 की रोशनी मोची, द्वितीय महात्मा गांधी उमावि रावलीपोल भीण्डर की मदन रावत व तृतीय स्थान पर महात्मा गांधी उमावि कुराबड़ की वर्षा राव रहीं। इसी प्रकार पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राबाउमावि अंबेडकर कॉलोनी हिरणमगरी सेक्टर 4 की नेहा लौहार, द्वितीय महात्मा गांधी उमावि कुराबड़ की प्राची औदिच्य तथा तृतीय स्थान राउप्रावि पचोरिया भीण्डर की कृष्णकुमारी मेघवाल ने प्राप्त किया।

इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर को मिल रहा वरिष्ठों का आशीर्वाद

निमंत्रण और आशीर्वाद का क्रम जारी

स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा को लघु उद्योग भारती ने दिया निमंत्रण

उदयपुर (पुकार)। लघु उद्योग भारती उदयपुर के तत्वावधान में उदयपुर में होने जा रहे 11वें इंडिया इंडस्ट्रीयल फेयर 2025 की तैयारियों के तहत निमंत्रण और वरिष्ठों के आशीर्वाद का दौर जारी है। निमंत्रण टीम ने राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को इस औद्योगिक मेले में आने का न केवल न्यौता दिया, बल्कि उनसे सहयोग और आशीर्वाद भी मांगा।

मेला संयोजक तरुण दवे ने बताया कि अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र के सान्निध्य में उदयपुर इकाई के अध्यक्ष मनोज जोशी, कलड़वास इकाई के सचिव अभिजीत शर्मा, कलड़वास इकाई के उपाध्यक्ष बाबू सिंह राजपुरोहित और मुख्य इकाई के कार्यकारी सदस्य चर्चिल जैन सहित कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री खर्रा को मेले की उपयोगिता व तैयारियों की वृहद जानकारी दी।

खर्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल क्षेत्रीय उद्योगों और कारीगरों को नई पहचान दिलाते हैं, बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह मेला एमएसएसमी उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगा और रोजगार सृजन के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि 11वां इंडिया इंडस्ट्रीयल फेयर आगामी 10 से 13 जनवरी 2025 तक उदयपुर के डीपीएस के मैदान में होने जा रहा है। मेले में स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापारी और उद्योगपति भाग लेंगे, जहां विभिन्न उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस मेले का उद्देश्य स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच दिलाना, उद्योगों के बीच व्यापारिक साझेदारी और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना व स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को अपनी रचनात्मकता और उत्पादों का प्रदर्शन करने का मंच देना है। इस मेले में 400 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को 'वोकल फॉर लोकल' के तहत वैश्विक मंच प्रदान करने की पहल की जा रही है।

बी प्लस

ईआईवी12 – लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण

उदयपुर (पुकार)। अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निर्माता है, ने आज भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफार्म स्विच ईआईवी12 - लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ केडब्ल्यूएच से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है। इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज (भारत) के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर, यूरोपीय बाजार के लिए डिज़ाइन की गई स्विच ई1 को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई। इन दोनों बसों में समान डिज़ाइन दर्शन और ईवी आर्किटेक्चर है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक पी. हिंदुजा ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा - ये बसें प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया विजन को समर्पित हैं ‒ भारत में बनी, भारत और दुनिया के लिए। स्विच मोबिलिटी अत्याधुनिक तकनीक और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले नए वाहनों को लॉन्च करने के लिए प्रेरित है।

आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

उदयपुर (पुकार)। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफि सर, अमीश बैंकर ने कहा - क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी क्लेम फ ॉर श्योर पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियोके साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97.94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98.52 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99.17 प्रतिशत रहा।

संक्षिप्त खबरें...

विपक्षी विद्युत निगम के खिलाफ क्षतिपूर्ति राशि का अवार्ड पारित

चित्तौड़गढ़ । स्थायी लोक अदालत चित्तौड़गढ़ अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा एवं सदस्या विमला सेठिया ने अपने एक निर्णय में परिवादी परसराम मोग्या वगेरा को विपक्षी विद्युत निगम शाखा निम्बाहेडा से 14 लाख 62 हजार 433 रुपये क्षतिपूर्ति राशि मय ब्याज व परिवाद व्यय 5 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया। परिवादी बड़ीसादड़ी तहसील के सरोड़ गांव निवासी परसराम पिता प्यारा मोग्या वगेरा ने अपने अधिवक्तागण महेन्द्र कुमार पोखरना, संजय आगाल के मार्फत विपक्षी विद्युत निगम शाखा निम्बाहेडा के विरूद्ध एक परिवाद न्यायालय में इस आशय का प्रस्तुत किया कि 15 मार्च 2022 को परिवादी के पुत्र कन्हैयालाल मोग्या की मृत्यु ग्राम भगवानपुरा (निम्बाहेडा) में खेत मालिक श्रीलाल धाकड के खेत पर मजदूरी का काम करते वक्त ऊपर से गुर्जर रही विद्युत लाईन के तार के अचानक टूट कर गिरने और करंट लगने से हुई। परिवादी द्वारा विपक्षी विद्युत निगम से क्लेम चाहने पर क्लेम नहीं दिया गया जिस पर परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । दौराने सुनवाई परिवादी के अधिवक्तागणों के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने विपक्षी विद्युत निगम के द्वारा अपनी सेवाओ में गंभीर लापरवाही बरतने तथा देखभाल नहीं करना मानते हुए परिवादी के पक्ष में निर्णय पारित किया।

महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ 35 वें स्थापना दिवस पर समारोह आयोजित करेगी

चित्तौड़गढ़ । महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जो पिछले 35 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में प्रमुख रूप से कार्य कर रही एक गैर-लाभकारी , गैर सरकारी सेवा संस्था है, अपने 35 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित करने जा रही है।

इसके साथ ही महावीर इंटरनेशनल की सर्वोच्च संस्था एपेक्स भी इसी साल अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा हे जिसे लेकर चित्तौड़गढ़ केंद्र में बहुत उत्साह हे। यह आयोजन रविवार 15 दिसंबर को महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय प्रातः 10 बजे पर होगा, जिसमें संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन मुख्य अतिथि एवं नितिन जैन यूनिट हेड वंडर सीमेंट निंबाहेड़ा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। संस्था के सदस्य, संस्था की महिला देशना वीरा केंद्र एवम युवा केंद्र के सभी सदस्य सहभागिता करेंगे।इसके अलावा चित्तौड़गढ़ जॉन के सभी केंद्रों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त जिन्होंने वर्षों से संस्था का तन मन धन से समर्थन किया है उनको भी आमंत्रित किया गया है। इस समारोह में संस्था की प्रभावशाली यात्रा, इसके मील के पत्थर और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में किए गए महत्वपूर्ण योगदानों को भी प्रस्तुत किया जाएगा। उद्बोधन के अलावा, इस समारोह में समर्पण को सम्मानित करने के उद्देश्य से संस्थापक सदस्यों, ट्रस्टीज, फैलो मेंबर्स, पूर्व चेयरमैन,सचिव एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले सदस्यों और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संस्था के चेयरमैन अभय संजेती ने कहा, 'हम 35 वर्षों की सेवा और सामुदायिक प्रभाव का जश्न मनाने के लिए उत्साहित हैं। यह कार्य म हमारे सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, और हम उन सभी लोगों के साथ अपना आभार व्यक्त करने और भविष्य का दृष्टिकोण साझा करने के लिए तत्पर हैं जिन्होंने इन वर्षों में हमारा समर्थन किया है।'

मातृभाषा गौरव सप्ताह मनाया

चित्तौड़गढ़ । प्रान्त की योजनानुसार विद्या निकेतन उमावि गांधीनगर में मातृभाषा गौरव सप्ताह के दूसरे दिन विद्यालय के भैया बहनों को माँ, मातृभूमि और मातृभाषा के प्रति गौरव का भाव जागृत करने का पाथेय प्रदान हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजकीय कन्या महाविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर श्याम सुन्दर भारती द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर भारती ने बताया कि मातृभाषा में शिक्षण होने से ही उसके प्रति गौरव जागृत होगा। हमारी प्राचीन संस्कृति में गुरुकुलों में शिक्षण कार्य होता था। धीरे-धीरे यह परम्परा लुप्त होती गई और हम सभी अपने प्राचीन गौरव को भूलते गए। आज हम सभी पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति का अंधानुकरण कर रहे हैं। जबकि हमारा प्राचीन इतिहास अधिक श्रेष्ठ है। बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही होनी चाहिये। इसी से उसका सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ललिता खण्डेलवाल, सहायक प्रधानाचार्य अनिल शर्मा उपस्थित रहे।

सर्वोदय ग्राम सेवा सहकारी समिति लि, बानसेन द्वारा साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई

चित्तौड़गढ़ । सर्वोदय ग्राम सेवा सहकारी समिति लि, बानसेन जिला चित्तौड़गढ़ तहसील भदेसर में साधारण सभा रखी गई है जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित कर समिति में कार्यरत व्यवस्थापक एवं सहायक व्यवस्थापक पंकज शर्मा के कार्य कुशलता को देखते हुए एक एक हजार रुपए के वेतन में वृद्धि की गई एवं समिति परिसर में एक बाथरूम एक आफीस एवं 4 केमरे समिति सुरक्षा के लिए लगाने के लिए सर्व समिति से प्रस्ताव लिए गए एंव प्रस्ताव सभी रखने के लिए निर्देश दिए गए। अध्यक्ष नारायण लाल लढ्ढा एवं उपाध्यक्ष श्यामलाल जाट एवं संचालक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

पंचवटी सेंती में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ

चित्तौड़गढ़ । शनिवार सांय 7 बजे से श्री परशुराम रामायण मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़(राज.) द्वारा भारतीय वेशभूषा के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ शिवलाल लोधा के निवास 25 चित्रगुप्त कॉलोनी पंचवटी सेंती चित्तौड़गढ़ पर रखा गया है।आयोजन से जुड़े राजकुमार लोधा ने बताया की संगीतमय सुन्दर कांड पाठ मंडल संरक्षक अध्यक्ष हरिओम मौड़ के दिशा निर्देशन में मुख्य गायक कमल जनार्दन मौड़, हिमांशु मौड़ ,अरुणमौड़ ,खुशीराम,चतरुलाल न्याति, रमेश सोनी,स्वीटी शर्मा ,भैरु लाल दशोरा ,ताराचंद शर्मा, महेंद्र प्रजापत, तुषार तेली ,कार्तिक मौड़, प्रेमलता मौड़ , सन्ध्या तेली,सीता शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा एवं सभी भक्तों से विनती करते की पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे ।

विद्यालय में नही बना 2 दिन से पोषाहार सरकारी योजनाओं की उड़ती धज्जियां

गंगरार । उपखंड के अजोलिया का खेड़ा के उच्च माध्यमिक विद्यालय का जहाँ तीन दिन से बच्चों को पोषाहार नही मिला है ,ओर ना ही बच्चों को फल मिले है ।इस पर शु वार को विद्यालय में पहुचे मीडिया कर्मी ने जब संस्था प्रधान राजेन्द्र कुमार काखानी से बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार के लिए पूछा तो उनका कहना था कि मुझे पोषाहार की जानकारी नही है । साथ ही यह भी जानकारी मिली की जब से राजेन्द्र कुमार काखानी ने विद्यालय में संस्था प्रधान का पद सम्भाला है तब से विद्यालय में किसी प्रकार के भुगतान ही नही हुए, वही राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए बजट जारी कर रही है। वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों का कहना है कि राज्यस्तरिय प्रतियोगिता में भाग लेने गए छात्रों को भी विद्यालय द्वारा ना तो टी ए डी ए दिया गया है । वही विद्यालय में प्रशासन की लापरवाही इस हद तक हो गई की भोजन बनाने वाली कुक कम हेल्पर का पांच माह से भुगतान ही नही दिया गया। इस संबंध में पोषाहार प्रभारी का कहना है कि संस्था प्रधान हमे ना तो कोई चेक देते है ना ही किसी का भुगतान करते है । और पाँच माह से तो पोषाहार के बिलों का भुगतान भी में मेरी वेतन से ही कर रही हु । जब विद्यालय में बच्चों से पूछा गया तो बच्चों ने भोजन नही बनने की बात कही और साप्ताहिक मिलने वाले फल भी नहीं दिए जाने की बात कही।

प्रभातफेरी स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

चित्तौड़गढ़ (पुकार)। श्री त्रिपोलिया हनुमान मंदिर गांधीनगर का 14वॉ स्थापना दिवस शुक्रवार को प्रशासनिक संत एवं एसीओ राकेश पुरोहित एवं मंदिर महन्त बन्ने सिंह गुर्जर के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। श्री त्रिपोलिया हनुमान मंदिर मुख्यकार्यकारी देवेन्द्र टेलर ने बताया कि ब्रम्ह मुर्हुत में श्री त्रिपोलिया हनुमान मंदिर द्वारा संचालित प्रभातफेरी के सदस्य एवं अन्य भक्तगण हरिनाम संकीर्तन करते हुए ढोलक मजीरों एवं करतालों की ताल पर नाचते हुए मंशापूर्ण महादेव होते हुए रत्नेश्वर महादेव के पश्चात पुनः त्रिपोलिया हनुमान मंदिर पर पहूंच कर सामुहिक रूप से नृत्य के साथ हरिनाम संकीर्तन किया। यहां यह बताना उल्लेखनीय होगा कि सन 2010 में अशोक समदानी द्वारा गो भक्त श्री राधाकृष्ण महाराज द्वारा भागवत कथा का आयोजन किये जाने पर राधाकृष्ण जी महाराज द्वारा शहर के विभिन्न कॉलोनीयों मे प्रभातफेरियों का आयोजन रखा गया था उसी कडी मे 13 दिसम्बर 2010 को श्री त्रिपोलिया हनुमान मंदिर गांधीनगर मे प्रभातफेरी संस्थापक एवं वरिष्ठ नागरिक मंच महासचिव राधेश्याम आमेरिया के द्वारा महाराज श्री के सानिध्य में प्रभातफेरी का श्रीगणेश किया गया था जो कि अनवरत रूप से 14 वर्ष पूर्ण कर 15वें वर्ष मे प्रवेश कर रही हैं। प्रभातफेरी मे श्री त्रिपोलिया हनुमान मंदिर मंडल के सदस्य देवेन्द्र टेलर, कीर्ति नेगी, पारस टेलर, राजेश शर्मा, जीतु द्वारा भक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। प्रभातफेरी में पारसकंवर भाटी, चन्द्रप्रकाश टेलर महेश बसेर, आशा गिदवानी, सुधा बसेर, रीना भोजवानी, भगवती मुरोठिया, लीला तेली, लाड जागेटिया, नारायणलाल शर्मा, सुमती बसेर, सीता आमेरिया, ज्ञानवती बोरीवाल, विजया खोईवाल, गीता कुमावत, सविता खोईवाल, कान्ता टेलर, सत्येन्द्र सांचोरा, आशा सांचोरा, शम्भु कुमावत, चीनू राजोरा केशव कालानी, माया बेरवाल, मीना कंवर, मेवालाल आमेरिया, रामजस कोठारी, कोशल्या जोशी, सुशीला लाड, शांता वैष्णव, मेवालाल आमेरिया, जगदीश धाकड, राकेश पोरवाल, रेखा खोईवाल, कुसुम टेपण, रेखा मामनानी, शुभी आमेरिया, मिशिका आमेरिया, रतनसिंह भाटी, अम्माजी, भंवरकंवर, प्रेम लखारा, विमला गट्टानी, दानिया आमेरिया, मीरा कंवर, सरदार सिंह, अजय बनवार, नितिन ईनाणी, कैलाश बसेर, गणेशलाल तेली, दक्ष आमेरिया, राजु पटवा, प्रेम पटवा, कमला शर्मा, भगवती मुरोठिया, भंवर कंवर, लीलादेवी टेलर, कौशल्या भाटी, प्रेमसिंह भाटी, प्रिती भाटी, एवं अन्य कई भक्तजन उपस्थित थे। मार्ग मे कई जगह भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा से प्रभातफेरी का स्वागत किया गया तथा समापन पर प्रशासनिक संत राकेश पुरोहित द्वारा आर्शीवचन दिया गया। बालाजी के प्रसाद का भोग लगा कर भक्तों मे प्रसाद वितरण किया गया। अंत मे प्रभातफेरी संयोजक राधेश्याम आमेरिया द्वारा सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री ने दी प्रदेश के किसानों को विभिन्न कल्याणकारी सौगातें

सलूंबर (पुकार) । राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'हर घर खुशहाली' की थीम पर किसान सम्मेलन का राज्य स्तरीय समारोह प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कायड़ अजमेर में आयोजित हुआ। जिसका विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला मुख्यालयों पर लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊँट संरक्षण एवं विकास मिशन व 100 गौशालाओं में गौ काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने के कार्य का शुभारम्भ किया गया। साथ ही, 200 नए बल्क मिल्क कूलर्स, एक हजार नए दूध संकलन केन्द्रों की भी शुरूआत की गई। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी श्रृंखला में शुक्रवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी रही इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार भी उपस्थित रहे। इस किसान सम्मेलन में जिले के किसानो को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सहकारिता विभाग, उद्यानिकी विभाग ओर कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में प्रतीकात्मक स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित किसान व उनके परिवारों में एक खुशी की लहर थी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी,जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, कृषि विभाग गोस मोहमद, उद्यानिकी विभाग पुरुषोत्तम भट्ट, पशुपालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, वेद प्रकाश, डॉ जितेन्द्र जोशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी व विभिन्न गांवों से कृषक उपस्थित रहे। मंच का संचालन कुशलतापूर्वक राजेंद्र वर्णोती एवं चंद्रवीर सिंह भाटी द्वारा किया गया।

जिले के प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र, चन्द्रशेखर आजाद नगर में जांची स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

भीलवाड़ा (पुकार) । जिले के प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रशेखर आजाद नगर का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान यूआईटी ओएसडी चिमनलाल, जिला आर.सी.एस. अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत राजोरा, बीएचएस श्रीमती बुशरा एवं लेखा सहायक प्रवीण कुमार एवं कैलाश चन्द्र शर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता परखी

जिला प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान उन्होंने यहां पर परोसे जा रहे भोजन की मात्रा के वजन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही प्रतिदिन की थालियों व टोकन के बारे में जांच की। जिला कलक्टर नमित मेहता ने रसोई के भोजन की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान फीडबैक में जिला कलक्टर को भोजन की गुणवत्ता के संबंध में सकारात्मक फीडबैक मिला।

टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाया पाठ, बच्चों के ज्ञान व अध्ययन के स्तर को परखा

प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने आटूण में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां शिक्षक बनकर बच्चों से सवाल-जवाब भी किए और बच्चों की पढ़ाई का आंकलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनसे प्रश्न भी पूछे। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन में यदि कोई सीख दी जाती है। उसे इस समय जो पढ़ाया-सिखाया जाता है और वह उसे बेहतर कैरियर बनाने के काम आता है। वहीं अच्छे भविष्य की नींव रहती है। बच्चे को सरल ढंग से कुछ सिखाया जाता है वह आसानी से सीखता है, इसलिए बच्चों को शिक्षा देने के लिए सहज और रोचक तरीके का उपयोग करना चाहिए। प्रभारी निशांत जैन ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिड डे मील के तहत दिए जाने वाले पोषाहार की भी जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की। उन्होंने परिसर में आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन कल से

भीलवाड़ा (पुकार) । राज्य सरकार द्वारा समस्त नागरिकों को सर्वोत्तम, सुलभ एवं गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करवाने के लिए 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का संचालन जिले की पीएचसी/सीएचसी पर किया जा रहा है। ये शिविर आगामी 31 जनवरी तक संचालित किये जाएंगे। आयुष्मान शिविरों में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलिकोसिस वेन द्वारा जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के श्रमिकों एवं परिजनों को टीबी एंव सिलिकोसिस जांच सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि 15 दिसम्बर से शुरू किए जा रहे आयुष्मान शिविरों में मोबाईल मेडिकल वेन वाहन संख्या आरजे 06 पीए 6606 को केम्प प्लान अनुसार फिल्ड में भिजवाई जाएगी। शिविरों में इस मोबाईल वेन के माध्यम से स्थानीय पीएचसी/सीएचसी पर शिविर आयोजन स्थल पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा, जांच, उपचार, स्वास्थ्य शिक्षा आमजन को उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का समय प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक रहेगा।

इन आयुष्मान शिविरों में आमजन के लिए मौजूद रहेंगी सिलिकोसिस व फूड वेन-

सीएमएचओ डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के साथ ही आयुष्मान शिविरों में श्रमिकों एवं उनके परिजनों को अपने निवास स्थल व कार्यस्थल के नजदीक ही टीबी एवं सिलिकोसिस की जांच सुविधा का लाभ देने के लिए सुवाणा ब्लॉक के कारोई में 15 दिसंबर को, गुलाबपुरा ब्लॉक के आंगुचा में 17 दिसम्बर को एवं सरेरी में 27 दिसम्बर को, मांडल ब्लॉक के रूपाहेली खुर्द में 18 दिसंबर को, माण्ड़लगढ के सिंगोली में 20 दिसम्बर को, धामणिया में 25 दिसम्बर को तथा बीगोद में 31 दिसम्बर को इसी प्रकार सहाडा ब्लॉक के भुणास में 24 दिसम्बर को आयोजित होने वाले शिविरों में सिलिकोसिस वेन के माध्यम से भी आमजन को टीबी एंव सिलिकोसिस जांच सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही आमजन के सेहत सुधार के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग की ओर से खाद्य पदार्थो में मिलावट की जांच हेतु फूड वेन के माध्यम से भी आमजन को सुविधा प्रदान की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र, चन्द्रशेखर आजाद नगर में जांची स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

भीलवाड़ा (पुकार) । जिले में सरकार के एक वर्ष के कार्यक्रमों के प्रभारी अधिकारी निशांत जैन (सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रशेखर आजाद नगर का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की। विजीट के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत राजोरा, बीएचएस श्रीमती बुशरा एवं लेखा सहायक श्री प्रवीण कुमार एवं श्री कैलाश चन्द्र शर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता परखी

प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान उन्होंने यहां पर परोसे जा रहे भोजन की मात्रा के वजन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही प्रतिदिन की थालियों व टोकन के बारे में जांच की। जिला कलक्टर ने रसोई के भोजन की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान फीडबैक में जिला कलक्टर को भोजन की गुणवत्ता के संबंध में सकारात्मक फीडबैक मिला।

बच्चों से की बात-चीत, उनके ज्ञान व अध्ययन के स्तर को परखा

प्रभारी अधिकारी निशांत जैन ने आटूण में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां शिक्षक बनकर बच्चों से सवाल-जवाब भी किए और बच्चों की पढ़ाई का आंकलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनसे प्रश्न भी पूछे। निशांत जैन ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिड डे मील के तहत दिए जाने वाले पोषाहार की भी जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की। उन्होंने परिसर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र और आटून के नंद घर का भी निरीक्षण किया।

लोक संस्कृति व लोक कलाएं हमारे जीवन का आधार है - चैयरमेन कंठालिया

बड़ीसादड़ी (पुकार) । लोक संस्कृति एवं लोक कला हमारे जीवन जीने का आधार है। यह बात राजस्थान की लुप्त हो रही परंपरागत लोक संस्कृति व कला विधाओं के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव के मुख्य अतिथ नगर पालिका चैयरमेन ने कही। मुख्य अतिथि चैयरमेन कंठालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व भजनलाल सरकार लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं को पुनर्जीवित करने का भरसक प्रयत्न कर रही हैं। लोक संस्कृति एवं लोक कलाएं मनोरंजन के साथ-साथ हमारे समाज को जोड़ने का काम भी करती है। नपा अध्यक्ष कंठालिया ने क्षेत्र के बाल लोक कलाकारों द्वारा राष्टीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उन्हें नगर पालिका की ओर से प्रोत्साहित करने का वादा भी किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत चौबीसा ने लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले ऐसे अनूठे आयोजनों की समाज में महत्ती आवश्यकता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नगर अध्यक्ष धनपाल मेहता ने कहा कि हम सबको मिल कर लोक कलाकारों एवं लोक संस्कृति को बचाने व आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। भामाशाह धनपाल मेहता ने वहां मौजूद विभिन्न स्कूलों के संस्था प्रधानों को उनके स्कूल में जरुरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर देने की घोषणा की। मेहता द्वारा समाजसेवा की इस घोषणा पर सदन तालियों से गूंज उठा। मेहता ने बाल कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद सुनील पितलिया, नवीन सोनवा, जगदीश कंडारा, पार्षद प्रतिनिधि हेमंत डांगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल मेहता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश टेलर व एससी मोर्चा अध्यक्ष कमल सुनील सोनवा मौजूद थे। समारोह में कई विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जीवंत प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। सीबीईओ लक्ष्मीकांत चौबीसा ने आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श पालीवाल व प्रधानाचार्या लक्ष्मी रेगर के साथ बाल कलाकारों द्वारा बनाये गये मॉडल, चित्रकारी व मांडणा आदि गतिविधियों का अवलोकन किया। ब्लॉक स्तरीय इस राजस्थान युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में 15 वर्ष से 29 वर्ष के कलाकारों ने बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिया। सभी विजेता कलाकारों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श पालीवाल, सुभाष चंद्र बुनकर, लक्ष्मी रेगर, अशरफ खान पठान, कैलाश चंद्र मेनारिया, मदन सिंह शेखावत, उप प्रधानाचार्य दिनेशचंद्र धाकड़, रामचंद्र बुनकर, पंकज डांगी, शांतिलाल जोशी, गोपी लाल भांबी, परशराम छत्रवाल, नेमीचन्द माहोर, राधेश्याम मेघवाल, जगदीश चंद्र धाकड़, गौरवबाला कच्छावा, प्रशासनिक अधिकारी अजय कुमार डांगी, प्रधानाध्यापक महेन्द्र कुमार जैन, बाबू लाल पोरवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन कृष्णार्जुन पार्थभक्ति ने किया।

कपासन बार के अध्यक्ष बने वैष्णव

कपासन । बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए इस बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम वैष्णव को 54 मनोज कुमार जाट को 27 मत प्राप्त हुए हैं जबकि एक मत नोटा को मिला है अध्यक्ष के चुनाव में वैष्णव ने 27 वोट से जीत हासिल की है जी जबकि उपाध्यक्ष पद के चुनाव में प्रकाश चंद्र राव को 41 वोट प्राप्त हुए हैं वही पुरुषोत्तम नाथ योगी को 40 वोट मिले हैं वही एक वोट नोटा में गया है इससे प्रकाश चंद्र राव को एक वोट से विजय घोषित किया गया इसी प्रकार सचिव पद पर सुरेंद्र सिंह राठौड़ को 29 मत प्राप्त हुए वही ठाकुर प्रसाद व्यास को 53 वोट मिले हैं इसमें व्यास 24 वोट से विजय हुए हैं कोषाध्यक्ष पद के ऊपर संपत सुथार को 59 मत प्राप्त हुए तथा सौरभ बारेगामा को 22 मत प्राप्त हुए हैं तथा एक मत नोटा को मिला है इसमें संपत सुथार ने 37 मतों से जीत हासिल की है विजय प्रत्याशियों को सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी

राजस्थान की मतदाता सूचियों में महिला सशक्ति करण

चित्तौड़गढ़ । राजस्थान ने लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. यह उपलब्धि है प्रदेश की मतदाता सूचियों में पुरुष-महिला अनुपात में कुछ ही माह में 7 अंकों की अभूतपूर्व वृद्धि. राज्य में पुरुष-महिला मतदाताओं का लिंगानुपात फरवरी 2024 के 923 के मुकाबले दिसम्बर 2024 में 930 हो गया है. निर्वाचन विभाग द्वारा लिंगानुपात में अंतर के कारणों का अध्ययन कर उनके निवारण के अनुकूल कार्ययोजना को लागू करने से यह संभव हो पाया है. राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्य म-2025 के दौरान मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने एवं संशोधन का कार्य चल रहा है. इस क्रम में 12 दिसम्बर तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 1000 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 930 महिला मतदाता हैं. उल्लेखनीय है कि यह आंकड़ा राज्य में एसएसआर-2025 के लिए लक्षित मतदाता लिंगानुपात 926 से 4 अंक अधिक है ।

सम्पादकीय

मोहरों के माहिर गुकेश चैंपियन

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े।

बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा।

बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चैनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जिससे किसी भी असफलता से वे जल्दी ही उबर जाते हैं। बहरहाल, देश को उनसे और बड़ी कामयाबी की उम्मीदे हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी तीसरा टेस्ट आज से: प्रसारण सुबह 5.50 से

गाबा में हिस्ट्री रिपीट करने उतरेगी टीम इंडिया

रोहित-विराट और बुमराह पर होगी जिम्मेदारी

● ब्रिस्बेन (एजेंसी)

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। 5 मैचों की सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। पहले मैच में भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की थी, जबकि दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत हासिल की।

ब्रिस्बेन में अब तक दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें भारत को केवल एक ही जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैच जीते हैं और एक ड्रॉ रहा।

भारत ने पिछली बार 2021 में गाबा में खेले गए टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया था। इस मैच में विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने नाबाद 89 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके अलावा शुभमन गिल ने 91 और चेतेश्वर पुजारा ने 56 रन बनाए थे। इससे पहले, गाबा स्टेडियम 1988 से लेकर 2020 तक ऑस्ट्रेलिया का किला बना हुआ था, जहां होम टीम को किसी भी टेस्ट में हार का सामना नहीं करना पड़ा था। भारत ने इस ऐतिहासिक जीत के साथ सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। दूसरे टेस्ट में भारत का पूरा बैटिंग लाइन-अप फ्लॉप रहा था। पहले टेस्ट की दूसरी पारी में विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल ने शतक जड़े थे, जबकि जायसवाल इस सीरीज में भारत के टॉप स्कोरर हैं। भारत के उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह ने अब तक 12 विकेट लेकर सीरीज के टॉप विकेट टेकर के रूप में अपनी जगह बनाई है।ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ट्रैविस हेड सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने एडिलेड टेस्ट में शतक लगाया था और पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में 89 रन की शानदार पारी खेली थी।

पिच रिपोर्ट : गाबा की पिच को लेकर क्यूरेटर डेविड सैंडर्स्की ने बताया कि साल के अलग-अलग समय में इस पिच का व्यवहार अलग-अलग होता है। सीजन के अंत में पिच थोड़ी टूट जाती है, जबकि सीजन की शुरुआत में यह ताजगी से भरी रहती है। इस बार भी गाबा की पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए पेस और बाउंस होगा, जो गाबा के पारंपरिक पिच के रूप में जाना जाता है।

टॉस का रोल: ब्रिस्बेन में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है। यहां अब तक कुल 66 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिनमें से 26 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं, जबकि पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने भी 26 मैच जीते हैं। हालांकि, पिछले 4 मैचों में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को 3 बार जीत मिली है।

मौसम का मिजाज

ब्रिस्बेन में इस मैच के दौरान बारिश खलल डाल सकती है। मौसम की वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, 14 दिसंबर को बारिश के 88 प्रतिशत चांस हैं। दूसरे दिन 49 प्रतिशत और चौथे दिन 42 प्रतिशत बारिश का अनुमान है। तीसरे और पांचवें दिन भी 25-25 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है।

संभावित प्लेइंग-11

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा/आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया: पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, जोश हेजलवुड।

रोचक तथ्य एवं आंकड़े...

- जसप्रीत बुमराह इस सीरीज में प्रति विकेट 11.25 रन दे रहे हैं। भारत के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मोहम्मद सिराज का है, जिनका औसत 19.77 है, लेकिन इसके बाद अंतर बढ़ जाता है।
- ट्रैविस हेड इस सीरीज में 80 की औसत से रन बना रहे हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94 है। ऑस्ट्रेलिया के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एलेक्स कैरी का है, जिनकी औसत 24 और स्ट्राइक रेट 59.5 है। यहां मेजबान टीम को थोड़ा और सुधारने की जरूरत है।
- पैट कमिंस का गाबा में अद्वितीय रिकॉर्ड है। सात टेस्ट मैचों में उन्होंने 18.22 की औसत से 40 विकेट लिए हैं।
- भारत के पास गाबा की प्रसिद्ध 2020-21 की जीत से केवल चार खिलाड़ी हो सकते हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज। यदि वॉशिंगटन सुंदर खेलते हैं, तो यह संख्या पांच हो सकती है।

टीम का माहौल बहुत अच्छा है...

टीम का माहौल बहुत अच्छा है। कल हमारी टीम डिनर थी, हम सब ने बहुत मस्ती की। मुझे लगता है यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एडिलेड में अच्छा नहीं खेले थे, फिर भी सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। हमारे पास तीन मैचों की सीरीज है और अगर हम यह मैच जीतते हैं, तो मेलबर्न और सिडनी में मुझे लगता है कि हमें वहां बढ़त मिलेगी। ■ **शुभमन गिल** भारतीय बल्लेबाज

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: दिल्ली को सात विकेट से हराकर मप्र फाइनल में, अब मुम्बई से होगा खिताबी मुकाबला

बेंगलुरु (एजेंसी)। कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 66) और हरप्रीत सिंह (नाबाद 46) की बेहतरीन पारियों की बदौलत मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब मध्यप्रदेश का मुकाबला मुम्बई से होगा। दिल्ली द्वारा दिए गए 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्यप्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही, और उसने सिर्फ 20 रन पर दो विकेट गंवा दिए। अर्पित गौड़ (शून्य) और शुभ्रांशु सेनापति (सात) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद हरप्रीत सिंह ने हर्ष गवली के साथ पारी को संभालने की कोशिश की।

सातवें ओवर में हिमांशु चौहान ने हर्ष गवली (30) को आउट कर मध्यप्रदेश को तीसरा झटका दिया। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार ने हरप्रीत सिंह के साथ मिलकर तूफानी अंदाज में रन बनाना शुरू किया और अपनी टीम को जीत दिलाई। कप्तान रजत पाटीदार ने 28 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाते हुए नाबाद 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, हरप्रीत सिंह ने 38 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 46 रन बनाए। मध्यप्रदेश ने 15.4 ओवर में तीन विकेट पर 152 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया।

दिल्ली की तरफ से इशांत शर्मा ने दो और हिमांशु चौहान ने एक विकेट लिया। इससे पहले दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 146 रन बनाए।

मध्यप्रदेश की तरफ से वेंकटेश अय्यर ने दो विकेट लिए। त्रिपुरेश सिंह, आवेश खान और कुमार कार्तिकेयन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पत्नी एंड्रिया रखती हैं मेरी सेहत का खास ध्यान

पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर की बात



● नई दिल्ली (एजेंसी)

पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी जिंदगी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बात की। कांबली ने अपनी पत्नी एंड्रिया कांबली की तारीफ की, जो उनकी सेहत का खास ध्यान रखती हैं। उन्होंने बताया कि वे यूरीन प्रॉब्लम और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। कांबली ने यह भी स्वीकार किया कि वे पहले शराब पीते थे, लेकिन अब छह महीने से इसे छोड़ चुके हैं। सचिन तेंदुलकर से जुड़ी अपनी नाराजगी के बारे में भी उन्होंने खुलकर बात की और बताया कि 2009 में जो बयान दिया था, वह गुस्से में था, लेकिन सचिन ने हमेशा उनकी मदद की। कांबली ने अपने बेटे के क्रिकेट शौक और 1994 के शेन वॉर्न के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की यादें भी ताजा की।

बाबर आजम पर यौन शोषण के आरोप

लाहौर हाईकोर्ट में 16 दिसंबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम इस समय खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। अब बाबर ऑफ-फील्ड विवादों में भी घिर गए हैं। 2021 में लाहौर की हमिजा मुख्तार ने बाबर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। उनका दावा है कि बाबर ने उनका यौन शोषण किया, जबरदस्ती गर्भपात कराया और शादी का झूठा वादा किया। इस मामले की सुनवाई अब लाहौर हाईकोर्ट में 16 दिसंबर को होगी।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ

तीसरे वनडे में 4 विकेट से रौंदा

बासटेयर, (एजेंसी)। वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बांगलादेश को चार विकेट से हरा दिया, जिससे उन्होंने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। आमिर जंगू (नाबाद 104) और केसी कार्टी (95) की शानदार पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने 321 रनों का लक्ष्य 45.5 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल किया। बांग्लादेश की ओर से महमुदउल्लाह (84*) और जाकेर अली (62*) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 321/5 तक ही पहुंच पाई। वेस्टइंडीज के लिए अल्जारी जोसेफ और शरफेन रदरफोर्ड ने एक-एक विकेट लिया।

कामयाबी भारत को हर बार चैंपियन बनाते है ये साउथ अफ्रीका के मशहूर मानसिक और शारीरिक कोच

पैडी अप्टन का जवाब नहीं, पहले धोनी, फिर हॉकी टीम और अब गुकेश

● नई दिल्ली (एजेंसी)

डोम्माराजू गुकेश के 2024 शतरंज विश्व चैंपियन बनने में साउथ अफ्रीका के पैडी अप्टन का महत्वपूर्ण योगदान है। पैडी एक मशहूर मानसिक और शारीरिक कोच हैं, जिन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट टीम के साथ 2011 में वर्ल्ड कप जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलवाने वाली हॉकी टीम को भी कोचिंग दी।

पैडी ने गुकेश को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने में मदद की, जिससे वह वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के लिए तैयार हो सके। गुकेश ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से पैडी के साथ काम कर रहे थे और फाइनल मैच की तैयारी में पैडी के मार्गदर्शन को बहुत एंजॉय किया। पैडी अप्टन ने कहा कि गुकेश ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी परिपक्वता और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया। वह हर चाल परफेक्ट नहीं खेल सकते थे, लेकिन मानसिक तैयारी और आत्मविश्वास ने उन्हें फाइनल में जीत दिलाई। पैडी ने यह भी बताया कि उन्होंने गुकेश को हर स्थिति में खुद को संभालने की रणनीति पर काम किया, चाहे वह आगे हों या पीछे, प्रेशर में हों या न हों।

गुकेश को 5 करोड़ देगी तमिलनाडु सरकार

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश को पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिलनाडु को गर्व महसूस कराते हुए गुकेश को उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के अनुरोध पर पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने का निर्णय लिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने गुकेश से विश्व चैंपियन बनने के तुरंत बाद फोन पर बात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

त्रिशा और गायत्री बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से हुईं बाहर

हांगझोऊ (एजेंसी)। भारत की महिला युगल जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 के अंतिम ग्रुप मैच में जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा से हार गईं। हांगझोऊ में खेले गए इस मैच में भारतीय जोड़ी को 49 मिनट के संघर्ष के बाद सीधे गेम में 17-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। जापानी जोड़ी ने धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बनाई और जीत हासिल की, जिससे भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

हाइब्रिड मॉडल में ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी, भारत-पाकिस्तान मैच दुबई में

2026 का टी-20 वर्ल्ड कप मैच कोलंबो में खेलेंगी दोनों टीमें

● दुबई (एजेंसी)

आईसीसी ने पुष्टि की है कि चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में ही होगी। पाकिस्तान भी दो देशों में होस्टिंग के लिए सहमत हो गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच दुबई में होगा। यूएई में भारत अपने सभी मैच खेलेगा, यहां दो नॉकआउट मैच भी होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत और श्रीलंका को संयुक्त रूप से मिली है। टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में कराने की मांग की थी, जिसके चलते भारत में होने वाले वर्ल्ड कप मैच भी पाकिस्तान न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी और इसका पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जा सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी से सहमति मिलने के बाद आईसीसी शेड्यूल जारी कर सकता है।

15 बोर्ड मेंबर्स ने दी सहमति

आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में 3 दिसंबर को सभी बोर्ड के सदस्य मिले थे। मीटिंग में 15 बोर्ड मेंबर्स ने हाइब्रिड मॉडल के लिए सहमति दी और पाकिस्तान ने इसका विरोध नहीं किया।

चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीमों के बीच खेले जाएंगे 15 मैच, शुरुआत 19 फरवरी से

चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीमों के बीच 15 मैच खेले जाएंगे, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेंगे। हालांकि, ऑफिशियल शेड्यूल अब तक जारी नहीं किया गया है। भारत के तीनों ग्रुप मैच यूएई में होंगे। यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेले जाएंगे। जबकि बाकी 10 मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मीटिंग में कुछ मांगें रखीं, लेकिन आईसीसी ने ज्यादातर को नकार दिया।

भारत-पाकिस्तान की सीरीज पर चर्चा

पीसीबी ने भविष्य में भारत के साथ न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन बीसीसीआई और आईसीसी ने इसे खारिज कर दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है और दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स में ही भिड़ी हैं। पीसीबी ने यह भी मांग की थी कि अगर भारत में कोई टूर्नामेंट हो, तो पाकिस्तान के मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएं। हालांकि, बीसीसीआई ने इसका विरोध करते हुए कहा कि भारत में सुरक्षा की कोई समस्या नहीं है और इसलिए पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर नहीं होंगे।

फाइनेंशियल रेवेन्यू की मांग

पीसीबी चाहता है कि उसके फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू 5.75 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए और साथ ही 2031 तक भारत में होने वाले सभी बड़े इवेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत ही आयोजित हों। पाकिस्तान ने शुरुआत में भारत को पाकिस्तान आने के लिए मजबूर करने का प्रयास किया था, लेकिन भारत के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए तैयार हो गया।

भारत का पाक जाने से इंकार

भारत ने साफ कर दिया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस बात की पुष्टि की और कहा कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से मना किया है।

पहले हाइब्रिड मॉडल पर नहीं राजी हो रहा था पीसीबी

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले कहा था कि पाकिस्तान कभी हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करेगा। उनका रुख था कि भारत भारत में खेले और पाकिस्तान पाकिस्तान में। लेकिन भारत के रुख के बाद पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल पर सहमति देनी पड़ी।

राज्यमंत्री विजयसिंह ने किया जिला विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

● मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हुआ सुनिश्चित : राज्यमंत्री विजयसिंह

● जिले ने पेयजल, सड़क, बिजली सहित हर क्षेत्र में की उल्लेखनीय प्रगति : राज्यमंत्री विजयसिंह

राजसमंद (पुकार)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सूचना केंद्र में आयोजित सात दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का शुक्रवार को राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग राज्यमंत्री विजयसिंह ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक निदेशक आईएएस राजेन्द्र कुमार वर्मा, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, जिला प्रमुख प्रतिनिधि माधव जाट, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसके बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री विजयसिंह ने कहा कि जिले में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बजट घोषणा 2024-25 में जिले में स्टोन मण्डी की घोषणा से भविष्य को लेकर नई राह खुली है। राइजिंग राजस्थान के तहत राजसमंद इन्वेस्टर मीट में लगभग 5500 करोड़ रुपए से अधिक राशि के एमओयू होने से 26 हजार रोजगार के नए अवसर खुलना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि 3530 करोड़ रुपए की लागत से जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना का कार्य किया जा रहा है जिससे जिले में पेयजल संकट से जुझ रहे बड़े हिस्से को राहत मिलेगी। इसके अंतर्गत नगर क्षेत्र आमेट, नाथद्वारा एवं राजसमंद के साथ-साथ 302 गावों एवं 378 ढाणियों को लाभान्वित किया जा सकेगा। बजट घोषणा के तहत प्रभु श्रीद्वारकाधीशजी मंदिर कांकरोली में विकास कार्य करवाए जाकर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। 150 करोड़ रुपए की लागत से राजसमंद बांध में जल की आवक में अभिवृद्धि करने के लिए खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढ़ाने के लिए जीर्णोद्धार तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसा होने से 42 गांवों के लगभग 10 हजार 500 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई तथा राजसमंद शहर को पेयजल व्यवस्था में व्यापक सुधार हो सकेगा। 60 करोड़ की लागत से कुंभलगढ़ क्षेत्र के बेड़च का नाका परियोजना संबंधी कार्य कराया जा रहा है। 40.93 करोड रुपए की लागत से देवगढ तथा आमेट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से उप जिला चिकित्सालयें में क्रमोन्नत किया जा रहा है। भीम में ड्रेनेज सिस्टम एवं रोड लाईट के कार्य पर 10 करोड़ व्यय हो रहे हैं। 5 करोड़ रुपए की लागत से आगरिया फीडर का पुनरूद्धार कार्य किया जा रहा है। बजट घोषणा में आरके जिला चिकित्सालय का उन्नयन होना भी बजट घोषणा में शामिल है। देवगढ में 220 केवी जीएसएस केलवाडा में 132 केवी, मियाला (भीम) में 33 केवी जीएसस स्थापित करने का कार्य जारी है जिससे इससे जुड़े कई गावों में विद्युत संबंधी समस्याएं दूर होंगी। 1 हजार 92 करोड़ रुपए की लागत से भीम व देवगढ के सभी 275 ग्रामों एवं देवगढ कस्बे को चम्बल नदी से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का कार्य शुरू हुआ है जो द्रुत गति से जारी है। इसके अंतर्गत 16 नए पम्प हाउस, 60 नई टंकियां, 2253 किलो मीटर पाइप लाइन के कार्य प्रस्तावित हैं। परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर 33,169 परिवारों को नल कनेक्शन मिलेंगे और सीधे ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचेगा।

राज्य मंत्री ने नवाचारों को सराहा

राज्यमंत्री विजयसिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट सक्षम सखी, प्रोजेक्ट श्रम संबल, स्वच्छता विशेष अभियान, पालनहार विशेष अभियान एवं क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम जैसे अभियानों एवं नवाचारों की शुरुआत कर जिले को बेहतर दिशा में ले जाने का प्रयास किया है। जिला प्रशासन के नवाचार प्रोजेक्ट सक्षम सखी के तहत विशाल ट्रेड फेयर एवं मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें ऐतिहासिक रूप से एक ही दिन में स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न निजी एवं सरकारी बैंकों और महिला निधि कोपरेटिव बैंक के माध्यम से 21 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया है। नवाचार स्वच्छ राजसमंद-स्वस्थ राजसमंद के तहत 25 अक्टूबर 2024 को एक ही दिन में जिले में 1 लाख 73 हजार से अधिक लोगों ने श्रमदान कर जिले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का काम किया है। जिला प्रशासन के नवाचार पालनहार विशेष अभियान के तहत जहां छह महीनों में सिर्फ 538 अनाथ और अन्य श्रेणी के बच्चें लाभान्वित हुए थे तो वहीं अभियान के दौरान मात्र दो माह में ही 1000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना में हर पात्र एवं वंचित निर्माण श्रमिक के बच्चों को योजना में जोड़ते हुए स्कॉलरशिप से लाभान्वित करने के लिए नवाचार प्रोजेक्ट श्रम सम्बल शुरू किया गया था। जहां वर्ष 2023-24 में सिर्फ 570 बच्चों को 52 लाख रुपये की छात्रवृति मिली थी तो वहीं वर्ष 2024-25 में अर्जित प्रगति 4741 बच्चों को 4.48 करोड़ रूपए की छात्रवृति मिल चुकी है।

हर योजना में अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति हुए लाभान्वित

इसके अलावा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अब तक 163 घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जा चुके हैं। जिले में मिसिंग लिंग/नॉन पेचेबल के लिए प्रत्येक विधानसभा में 5 करोड़ राशि के कुल 53 कार्य लम्बाई 81.70 किमी राशि 20 करोड़ के स्वीकृत हुए हैं जो वर्तमान में प्रगतिरत है। 1 जनवरी 2024 से वर्तमान तक कुल 8514 घरों में प्रगतिरत योजनाओं से नवीन जल संबंध जारी किए गए एवं जिले की वर्तमान कुल कवरेज उपलब्धि 64.71 प्रतिशत है। 122 आवास विहीन गरीब परिवारों को रियायती दर पर आवासीय भूखण्ड आवंटित किए गए हैं। 156 बीपीएल परिवारों को निःशुल्क आवासीय भूखण्ड आवंटित किए गए हैं। 387 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु परिवारों को ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय पट्टे उपलब्ध करवाए गए हैं। जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में अब तक लगभग 22000 मरीजों को लगभग 22 करोड़ का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया गया है। सत्र 2024-25 में जिले के 96 राउमावि में प्रत्येक में 2 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इन क्लासरूम्स में मिशन स्टार्ट के तहत कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत देय वित्तीय सहायता प्रति परिवार 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये वार्षिक की गई। जिले में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रथम किस्त के 1.40 लाख किसानों के बैंक खातों में 14.02 करोड़ रुपये सीधे जमा किए गए। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत जिले में अभियान के प्रथम चरण के तहत 55 ग्राम पंचायतों के 119 ग्रामों में जल एवं मृदा संरक्षण से संबंधित कार्य प्रगतिरत हैं। नगर परिषद की ओर से नेशनल हाईवे-8 के समीप सनवाड़ स्थित भवानी माता मंदिर के पास इको-टूरिज्म पार्क में पार्किंग एवं पहुंच सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। नगर पालिका नाथद्वारा की ओर से मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत सात वर्षों से लंबित 300 आवासों का निर्माण पूरा कर लाभार्थियों को हस्तांतरित किया, जिनमें अधिकांश लोग निवासरत हैं।

संक्षिप्त समाचार

रक्तदान शिविर कल

राजसमंद (पुकार)। मधुकर रक्त पेढ़ी राजसमन्द की ओर से रविवार को किशोर नगर मंडा राजनगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मधुकर रक्त पेढ़ी के जिला सचिव प्रदीप खत्री ने बताया कि मानव सेवा निमित समय-समय पर रक्त की आवश्यकता रहती हैं जिसके मध्यनजर रक्तदान शिविर का आयोजन करना पड़ता है। इस शिविर की तैयारी को लेकर मधुकर रक्त पेढ़ी की टीम बैठक की गई। जिसमें शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। इस

दौरान संयोजक सुनील जोशी, सचिव प्रदीप खत्री, रतन चिराग कुमावत, हिम्मत कुमावत, देशबन्धु रांका, दुर्गेश चपलोत उपस्थित थे।

राज्यपाल कल लेंगे अधिकारियों की बैठक

पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का करेंगे अवलोकन

राजसमंद(पुकार)। राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे रविवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। वे यहां दोपहर 12:30 बजे नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन करेंगे। सांय 3 बजे जिला परिषद में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। सांय 4:45 पर पीपलांत्री ग्राम पंचायत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों का अवलोकन करेंगे। जिसके बाद यहां से वे उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

दस दिवसीय नि :शुल्क अर्श एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर आज से

राजसमंद (पुकार)। जिला आयुर्वेद विभाग एवं भामाशाह टमुबाई पत्नी स्व केसरसिंह परमार कीकाजी भागल, मोतीबाई पत्नी स्व भोलीराम सेवक, राधाबाई पत्नी स्व गेहरीलाल तिवाड़ी सेवन्त्री की ओर से निःशुल्क अर्श (मस्सा-बवासीर/भगंदर नासूर) क्षार सूत्र अंतरंग शल्य एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार से 23 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। जिसमें बवासीर (मस्सा, भगन्दर (फिस्टूला) फिशर एवं गुदा की सभी बिमारियों) शौच के समय दर्द होना, मल के साथ रक्त आना एवं मवाद आना, गुदा के पास फोड़ा फुंसी का क्षार-सूत्र शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा बिना चीर-फाड़ के ईलाज किया जाएगा। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा पद्धिति द्वारा जटिल वातरोगों का लकवा, एकांगवात, स्लीपडिस्क, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन का दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस लंबर स्पॉन्डिलाइटिस, संधिवात, आमवात आदि का ईलाज किया। शिविर प्रभारी डॉ समंदर शर्मा ने बताया कि शिविर का आयोजन महाश्रमण निलय एवं शान्ति विहार उपासरा बस स्टेण्ड सैवन्त्री पर किया जाएगा। शिविर में भर्ती होने वाले रोगियों को सभी सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। साथ ही शिविर में ओपीडी में विभिन्न प्रकार के रोगों का निःशुल्क परामर्श एवं उपलब्ध औषधीयों द्वारा चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में विशेष चिकित्सा अग्निकर्म एवं जलौका चिकित्सा भी रोगियों को उपलब्ध कराई जाएगी। जिला आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ मुखत्यार सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशिष्ट संगठक योजना अंतर्गत लगने वाले इन शिविरों में जटिल रोगों एवं गंभीर गुदा रोगों का इलाज निःशुल्क किया जाता है। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक प्रतिदिन रहेगा। शिविर का उद्घाटन कुम्भलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ करेंगे।

सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन समारोह आज

राजसमंद(पुकार)। जिला भाजपा की ओर से सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन समारोह शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अपरान्ह 3:30 बजे आयोजित किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ की अध्यक्षता एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले सक्रिय सदस्य अभिनंदन कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं सक्रिय सदस्य भाग लेंगे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का दो दिवसीय राजसमंद और उदयपुर प्रवास

राजसमंद(पुकार)। उपमुख्यमंत्री और राजसमंद की पूर्व सांसद दिया कुमारी राजसमंद और उदयपुर में दो दिवसीय प्रवास करेगी। शनिवार को प्रातः 11 बजे नाथद्वारा से उदयपुर के लिए प्रस्थान करेगी, जहां आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन को संबोधित करेगी। कार्यक्रम के बाद सायं 3:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगी। रविवार को देसूरी की नाल में सड़क एवं घाट सेक्शन का अवलोकन करेगी। जहां आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्थाई समाधान निकाला जाएगा। इसके बाद मुंडारा में राज्यमंत्री देवाराम ओटासी के मातृ शोक में सम्मिलित हो निवास स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जयपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

नवनियुक्त प्रदेश संगठन महासचिव हरिश का किया स्वागत

राजसमंद (पुकार)। अखिल राजस्थान सफाई मजदूर कांग्रेस जिले के आम सफाई कामगारों ने अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महासचिव हरिश कलोसिया का स्वागत किया। इस अवसर पर कलोसिया ने कहा कि राष्ट्रीय वाल्मिकी महासभा के संविधान में प्रदत्त अधिकारों को लेकर हमेशा समाज के लिए कार्य करता रहूंगा और राष्ट्रीय एकता समरता बनाये रखूंगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक सम्पन्न

राजसमंद (पुकार)। आगामी 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। काछवाल ने बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल, एससी/एसटी विशिष्ठ न्यायाधीश अभिलाषा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता सैनी के साथ जिले में लोक अदालत के सन्दर्भ में प्राप्त सूचना न्यायालयों द्वारा जारी नोटिस एवं जिले के समस्त न्यायालयों के द्वारा अब तक के प्रि-कांउसलिंग में निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। लोक अदालत के नोटिस की तामील समय पर प्राप्त करने व निस्तारित प्रकरणों की संख्या बढाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अग्रवाल ने 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध आमजन से अपील करते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लोक अदालत की भावना से दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का निस्तारण किया जाएगा। पक्षकार अपने मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाने के लिए संबंधित न्यायालय में या प्राधिकरण के हेल्पलाईन नंबर (8306002135) पर सम्पर्क कर अपना प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवा सकते है।

बार एसोसिएशन राजसमदं के रामलाल जाट बने अध्यक्ष

राजसमंद (पुकार)। बार एसोसिएशन राजसमंद के वर्ष 2025 के लिए अध्यक्ष पद पर एडवोकेट रामलाल जाट निर्वाचित हुए है। शुक्रवार को हुए मतदान और मतगणना में रामलाल जाट ने 108 वोटों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बहादुरसिंह चारण को पराजित कर जीत हासिल की। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता प्रजीत तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता नरोत्तम पालीवाल, अधिवक्ता चन्द्रशेखर आचार्य ने बताया कि कार्यकारिणी के सम्पन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रामलाल जाट 108 मतों से जबकि उपाध्यक्ष गिरीराज सोनी 7, सचिव महेश सेन 137, कोषाध्यक्ष ललित कुमावत 71 मतों से निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचति पदाधिकारियों को निर्वाचन पत्र सौंपकर निर्वाचन अधिकारी प्रजित तिवारी ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि सहमंत्री पद पर कुलदीप पालीवाल एवं पुस्तकालय प्रभारी के पद पर सुखलाल बैरवा निर्विरोध निर्वाचत हो गए है। शुक्रवार सुबह 10 बजे निर्वाचन अधिकारी प्रजीत तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता नरोत्तम पालीवाल, अधिवक्ता चन्द्रशेखर आचार्य की मौजूदगी में मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई। सुबह से वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान कोर्ट परिसर के बार एसोसिएशन भवन में बने मतदान केन्द्र के बाहर प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते नजर आए।

शिविरा समय पालन का आदेश वापस लेने को निजी शिक्षक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

राजसमंद (पुकार)। शिविरा समय पालन का आदेश वापस लेने की मांग को लेकर निजी शिक्षक संगठन ने सीडीओ मुकुट बिहारी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन बताया कि मोही शिक्षा निदेशक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एकल पारी विद्यालय का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 रखा जायें, जो कि निजी विद्यालयों के लिए तर्कसंगत नहीं हैं क्योंकि निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चें दूर-दराज क्षेत्र से आते है। जो बालवाहिनी या निजी गाड़ियो से आते हैं जिनको दो घण्टों से अधिक का समय आने व जाने में लगता है। जिससे सांय को बच्चे देर से घर पहुंचेगें तथा जो नौकरीपेशा अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को विद्यालय छोड़कर व लेकर जाते हैं उनको भी नवीन समय से समस्या होती है। निजी विद्यालय के कर्मचारियों का वेतन राजकीय कर्मचारियों के जितना नहीं होता है तो विद्यालय समय बाद उनको कोई अन्य कार्य करना ही पड़ता है जिससे उनके परिवार का गुजर-बसर हो सके। निजी विद्यालयों का समय अभिभावकों के सुझाव पर उनकी सुविधानुसार ही रखा जाता है। विद्यालय समय प्रातः 10 से सायं 4 तक है तो फिर परीक्षा समय 9 से 4.30 क्यों यदि समय प्रातः 10 से सांय 4 तक है तो क्या परीक्षा में आपके द्वारा कोई विशेष व्यवस्था की गई है कि तापमान सामान्य बना रह सके व बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पड़े यदि की गई है तो क्या व्यवस्थाऐं की गई हैं। दो पारी विद्यालयों का समय प्रातः 7.30 से 5.30 निर्धारित किया गया है तो क्या प्रातः 7.30 पर आने वाले विद्यार्थियों के लिये आपके द्वारा कोई विशेष व्यवस्था की गई है कि तापमान सामान्य बना रह सके व बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पड़े। यदि किसी विद्यालय को एक पारी में चलाना संभव नहीं हो तो उस विद्यालय से अतिरिक्त बच्चों को अन्य विद्यालय में स्थानान्तरित किया जायें। विभाग द्वारा छोटे बड़े सभी स्कूलों से पोर्टल का सालाना शुल्क एक हजार रुपए लिये जा रहे है जो कि लगभग चालीस हजार विद्यालयों से चार करोड़ रुपये होता है। इस शुल्क को व्यवहारिक किया जाये जो छात्र संख्या अनुसार हो या बंद किया जाये। इस पोर्टल पर भी शाला दर्पण की तरह अध्ययनरत प्रमाण पत्र, परीक्षा परिणाम प्रमाण पत्र की सुविधा प्रारम्भ की जायें। संगठन ने अव्यवहारिक आदेश को निरस्त कराने वयदि सभी का एक ही समय रखना हो तो उचित व तर्कसंगत समय का आदेश कराने की मांग की है।

शहर में बोर्ड की बात पर बवाल होने पर बिगड़ा माहौल

● एसडीएम के साथ पुलिस तैनात

राजसमंद (पुकार)। शहर में मामू भाणेज रोड पर शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे समुदाय विशेष के लोगों द्वारा अवैध बोर्ड लगाने की बात पर उपजे विवाद से माहौल गरमा गया। एसडीएम बृजेश गुप्ता व डीएसपी विवेकसिंह राव के साथ भारी पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गया। अवैध बोर्ड को जब्त करते हुए अशांति का माहौल उत्पन्न करने वाले कतिपय लोगों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेने की कार्रवाई की जा रही है। सड़क पर जाम के हालात उत्पन्न होने पर पुलिस ने लाठिया हवा में लहराते हुए लोगों को तितर बितर किया। साथ ही कुछ देर शहर का मुख्य मार्ग बंद भी रहा। राजनगर थाना प्रभारी योगेश चौहान ने बताया कि मामू भाणेज रोड पर कुछ लोगों द्वारा बोर्ड लगाया जा रहा था। पुलिस द्वारा पूछा गया तो उनके पास न तो प्रशासन की कोई अनुमति थी और न ही कोई वैध दस्तावेज बता पाए। समझाइश के बाद भी लोग नहीं माने। बाद में एसडीएम बृजेश गुप्ता, तहसीलदार विजय कुमार, डीएसपी विवेकसिंह राव, थाना प्रभारी योगेश चौहान के साथ प्रशिक्षु आरएएस लतिका पालीवाल, आकांक्षा पालीवाल व भू अभिलेख निरीक्षक पकंज पालीवाल मौके पर पहुंच गए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने काफी देर तक समझाइश की गई, मगर आक्रोशित लोग बोर्ड लगाने पर अड़ गए। एसडीएम गुप्ता ने कहा कि शहर में किसी भी तरह का बोर्ड बिना प्रशासन की अनुमति के नहीं लगाया जा सकता और जन सुविधा के लिए कोई बोर्ड लगाना भी हो, तो नगरपरिषद द्वारा लगाया जा सकता है। बाद में नगरपरिषद से निरीक्षक गिरीराज गर्ग के साथ टीम मौके पर पहुंच गई और विवादित बोर्ड को जब्त कर लिया। आक्रोशित लोग रास्ता जाम करने लगे, तो पुलिस ने लाठिया जमीन पर फटकारते हुए लोगों को इधर-उधर भगाया और रास्ते पर वाहनों की आवाजाही बहाल करवा दी। साथ ही शहर की शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले कतिपय लोगों को पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। कुछ बदमाश प्रवृत्ति के लोग मौके से भाग खड़े हुए, तो पुलिस द्वारा उनकी पहचान करते हुए हिरासत में लेने के लिए अलग अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। फिलहाल मामू भाणेज रोड पर विशेष पुलिस जाब्ता भी तैनात कर दिया है।

किस बात पर हुआ था विवाद

शहर के मामू भाणेज रोड पर समुदाय विशेष द्वारा संकेतक बोर्ड लगाया जा रहा था। इसके लिए रोड किनारे खुदाई की जा रही थी और बोर्ड स्थापना के बाद पुष्प अर्पण का कार्यक्रम तय था। इसकी सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बोर्ड लगाने के लिए किसी अनुमति के बारे में पूछा गया तो कोई जवाब नहीं दे पाए। चूंकि पहले भी यहां पर एक बोर्ड को लेकर विवाद उपज चुका है। इसलिए प्रशासन तत्काल एक्शन लेते हुए उस विवादित बोर्ड व मौके पर पड़े पुष्प व अन्य औजारों को जब्त कर लिया गया।

सोशल इंपेक्ट:करणी सागर तालाब से फ्री में 12018 घन मीटर मिट्टी निकाली

●भराव क्षमता बढ़ी, सालभर रहेगा पानी

● मोही गांव को जलापूर्ति के लिए भारतीय जैन संघटना ने 1 माह तक चलाया अभियान

राजसमंद (पुकार)। पानी की समस्या सब जगह है और जैसे ही बारिश आती है एक समय के लिए पानी की समस्या खत्म हो जाती है क्योंकि चारों ओर नदी, नाले, तालाब एवं नाडिया पानी से तर हो जाते हैं। जिससे पशु-पक्षियों को पीने के लिए पानी सहज उपलब्ध हो जाता है। लेकिन यही बारिश का पानी अप्रैल माह आते आते सूखने लगता है और मई माह तक तो अधिकांश तालाब और नाडिया सूख जाती हैं। इसी के साथ पानी की उपलब्धता की कमी हो जाती है। इसी समस्या के समाधान एवं भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) ने जिले में मोही गांव के करणी सागर तालाब पर तालाब सफाई एवं गहरीकरण अभियान चलाया जो 1 माह तक चला। जिसमें संस्थान द्वारा प्रशासनिक अनुमति एवं जिला परिषद व ग्राम पंचायत के सहयोग एवं फोर्स मोटर्स के वित्तीय सहायता से डिसिल्टिंग का कार्य करवाया। जिसमें तालाब की उपजाऊ मिट्टी गांव के स्थानीय किसानों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस कार्य में तालाब से 12,018 घन मीटर मिट्टी निकली। जिससे 37 किसानों ने अपने खेत पर मिट्टी डाली। इसी के साथ पंचायत द्वारा करणी माता मंदिर के पास गार्डन विकास के लिए एवं पाल मजबूत करने के लिए मिट्टी काम ली। तालाब की मिट्टी निकलने से तालाब में 1 करोड़ 20 लाख 18 हजार लीटर पानी भराव क्षमता बढ़ी है एवं इससे आसपास के कुएं, बावड़ी का जल स्तर सुधरेगा। बीजेएस चैप्टर जिलाध्यक्ष कमलेश कच्छारा ने बताया कि भारतीय जैन संघटना वर्तमान में पानी को लेकर अति संवेदनशील है एवं संस्थान के संस्थापक शांतिलाल मुथा का विजन है कि प्रत्येक जिले, तहसील एवं गांव में यह जल अभियान चले एवं लोग वर्षा जल का महत्व समझ हमारे पारंपरिक नदी, तालाब, नाड़ियों की सफाई समय समय पर करें ताकि पानी आने का रास्ता बंद नहीं हो केवल एकमात्र पानी पर जीवन की सभी व्यवस्थाएं केंद्रित है। बीजेएस चैप्टर प्रदेश समन्वयक भूपेंद्र चोरड़िया ने बताया कि बीजेएस के और भी कई अलग प्रोग्राम है जिसमें शिक्षा, आपदा प्रबंधन, स्मार्ट गर्ल जिससे बीजेएस एक समृद्ध एवं खुशहाल समाज की कल्पना को साकार होते देखता है। जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) रतनराज कुमावत ने बताया कि बीजेएस ने इस वर्ष कुल 5 राज्यों में काम किया है जिसमें राजस्थान में 91 तालाबों पर काम हुआ जिसमें से 21.3 लाख घन मीटर मिट्टी निकाली गई। जिससे 212 करोड़ लीटर जल ग्रहण क्षमता में वृद्धि हुई।

बीजेएस के कार्य के बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राय

बीजेएस द्वारा जो तालाब गहराईकरण का कार्य किया है वह बहुत ही सराहनीय है एवं इससे तालाब की भराव क्षमता बढ़ी है।

रतन लाल भील, सरपंच ग्राम पंचायत मोही।

बीजेएस ने इस वर्ष करणी सागर तालाब पर जो डिसिल्टिंग का कार्य किया है उससे तालाब के आसपास के वेल्स, बोरवेल्स के जल स्तर में सुधार हुआ है। इसके साथ ही इस तालाब को हमने पंचायत द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाएं, पुरुष घाट एवं एक गौ घाट का निर्माण करवाया है। इसके साथ ही तालाब की पक्की दीवार का 800 मीटर के कार्य के साथ नरेगा द्वारा पक्की सीसी सड़क का निर्माण करवाया है।

संक्षिप्त खबरें...

पंकज ओस्तवाल जेसीसीआई के निदेशक नियुक्त

भीलवाड़ा। जैन समाज के उत्थान के लिए स्थापित संस्था जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमेन पृथ्वीराज कोठारी के निर्देशानुसार ओस्तवाल उद्योग समूह के प्रमोटर निदेशक और तेरापंथ प्रोफेशनल फेरम के पूर्व अध्यक्ष पंकज ओस्तवाल को ओजीआई के विकास से प्राप्त उनके दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए जेसीसीआई के निदेशक के रूप में नामित किया गया है। योग्यता के आधार पर सीए पंकज ओस्तवाल पिछले दो दशकों से फॉस्फेटिक विनिर्माण व्यवसाय में हैं और उनके पास पुराने संयंत्रों के आधुनिकीकरण/नवीनीकरण, नवाचार के साथ बीमार इकाइयों को लाभदायक बनाने और अनूठी तकनीकों को अपनाकर कृषि और खनिज के आयात निर्यात का व्यापक अनुभव है। उत्पाद, नये संयंत्र स्थापित करना, विशेषकर उर्वरक। सामाजिक/धार्मिक मंच पर उनकी भागीदारी ने उनमें विनम्रता और परोपकारी योग्यता की भावना पैदा की। उनके अनुभव से जेसीसीआई के विकास को गति मिलने की संभावना है। जैनियों द्वारा प्रचारित उद्योगों/व्यवसायों के बीच उद्यमशीलता नेतृत्व को बढ़ावा देने और विभिन्न सरकारों के साथ बातचीत शुरू करने के इरादे से जीतो (जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन) के तत्वावधान में जीतो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जेसीसीआई) नाम से एक नया व्यापार निकाय बनाया गया है। भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नई नीतियों का सुझाव देना या नीति में संशोधन करना।

शिव खोईवाल होंगे राजस्थान टीम के मेनेजर

भीलवाड़ा। 49वें सब जुनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक हैदराबाद तेलंगाना मे होने जा रहे हैं। इसमें भीलवाड़ा के शिव खोईवाल राजस्थान टीम के मेनेजर होंगे। शिव खोईवाल इस से पहले राजस्थान जूनियर स्वर्ण पदक विजेता टीम के कोच भी रहे चुके है, शिव वर्तमान मे हैदराबाद इनकम टैक्स मै कार्यरत है।

सुदिवा स्पिनर्स में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन, जरूरतमंद को दी निःशुल्क दवाईयां

भीलवाड़ा। सुदिवा स्पिनर्स प्रा. लि. सरेरी द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, बापु नगर, भीलवाड़ा द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना के द्वारा कंपनी के डिस्पेन्सरी मे 196 कार्मिको की स्वास्थ्य जाँच, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन जाँच और जरूरतमंद को निःशुल्क दवाईयाँ वितरित की गई। कम्पनी के चेयरमैन जेसी लढ्ढा द्वारा सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय भीलवाड़ा से डॉक्टर आर.एस. धाकड़ एवं उनकी मेडिकल टीम ने शिविर के आयोजन मे अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र पटेल, आशुतोष पाण्डेय एव सहयोगी द्वारा किया गया तथा शिविर के संयोजक नर्सिंग ऑफिसर राकेश कुमार रहे।

संग्रामगढ़ में लगाया जन सुरक्षा शिविर

भीलवाड़ा। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तिय समावेशन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मनिवाईज प्रोग्राम के तहत संग्राम गढ़ में जन सुरक्षा शिविर लगाया गया। जिसमे क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तिय साक्षरता केंद्र आसींद की ओर से फील्ड कोऑर्डिनेटर खुश बक्श, सरपंच अशोक कुमार साहू, मेट कमलेशी देवी, गायत्री जाट उपस्थित रहे। इस दौरान महिलाओ, पुरुष को ऑनलाइन बैंकिंग, सायबर फ्रॉड से बचाव, बैंकिंग लोकपाल, बैंक के प्रति ग्राहकों के अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी। और सभी लोगो को बैंकों के माध्यम से मिलने वाले विभिन्न योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, एटीएम के उपयोग और उनके तहत मिलने वाले बीमा, डिजिटल लेनदेन के फायदों के बारे में बताया गया। विद्यालय स्टाफ के द्वारा भी उपस्तित सभी को सायबर फ्रॉड से बचाव के तरीकों को अपनाने के बारे में सुजाव दिया गया। उपस्थित महिला पुरुषों को अधिक से अधिक बैंकिंग योजनाओ से जुड़ने के लिए कहा।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम एवं विशाल शौर्य यात्रा का आयोजन आज

भीलवाड़ा। वैदेही महिला जागृति संस्थान महिला समन्वय भीलवाड़ा विभाग द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम एवं विशाल शौर्य यात्रा का आयोजन 15 दिसंबर रविवार को राजेंद्र मार्ग विद्यालय में आयोजित होगा। शौर्य यात्रा से पुर्व राजेंद्र मार्ग विद्यालय में एकत्रीकरण के पश्चात देवी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर महिला समन्वय प्रांत संयोजिका आदरणीय नीला प्रभा नाहर द्वारा पाथेय होगा। इसके पश्चात शौर्य यात्रा प्रारंभ होकर संकट मोचन हनुमान मंदिर, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सुभाष मार्केट, सूचना केंद्र, अंबेडकर चौराया पर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा घोष प्रदर्शन के साथ यात्रा का समापन होगा। सभी युवतियों, बहिनों और महिलाओं से निवेदन है कि इस शौर्य यात्रा में (मंगल वेश - बनारसी साड़ी और मराठी नथ पहने) अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस यात्रा को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

स्वामी विवेकानंद परिषद व श्री नाथ क्रेशिंग प्लान्ट द्वारा जरुरतमन्द विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते-मोजे वितरित

भीण्डर। नगर के रा प्रा वि खजुरिया का खेड़ा विद्यालय में स्वामी विवेकानंद परिषद व श्री नाथ क्रेशिंग प्लान्ट द्वारा जरुतमन्द विद्यार्थियों को सर्दी से राहत हेतु स्वेटर व जूते - मोजे वितरित किये गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए परिषद के संरक्षक प्रकाश वया ने बताया कि दृढ़ संकल्प व कठिन परिश्रम सफलता की सिढ़ी है अतः इस विषय को सदैव स्मरण रखते हुए अपना अध्ययन मनोयोग से करेंगे तो निश्चित ही सफलता आपके चरण चूमेगी स्वेटर वितरण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक पुखराज प्रजापत व संदीप कुमार ने दानदाताओं का स्वागत अभिनन्दन किया तथा परिषद के द्वारा किये जाने विविध सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मांगी लाल साहू भगवती प्रसाद आमेटा, सचिव गोपी कृष्ण आमेटा, शरद अग्रवाल, मदन चौबीसा आदि उपस्थित रहे।

आचार्य ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

समय समय पर सामूहिक विवाह और समाज उत्थान के कार्यक्रम होने चाहिए- देवकिशन आचार्य

परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़ों को आयोजक एडवोकेट गौरव आचार्य द्वारा प्रदान की दी 50-50 हजार की राशि

भीलवाड़ा (पुकार)। समय की जरूरत है समाज के लोगों को एकजुट होना चाहिए और समय समय पर सामूहिक विवाह और समाज उत्थान के कार्यक्रम होने चाहिए। यह बात अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़ों को उपहार वितरित कार्यक्रम के दौरान कही। इससे पुर्व अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण समाज के 11वें विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़ों को आयोजन समिति द्वारा उपहार के तौर पर 50 हजार रुपए नकद सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं दानदाताओं का सम्मान भी किया गया। टंकी के बालाजी स्थान पर विवाह सम्मेलन के बाद भगवान गणेश के विदाई के आयोजन पर समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़ों को 50-50 हजार रुपए की उपहार राशि आयोजक एडवोकेट गौरव आचार्य द्वारा प्रदान की गई। इस मौके पर अध्यक्ष भैरूलाल आचार्य, सचिव सत्यनारायण आचार्य, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द, कोषाध्यक्ष खुशीराम, रामगोपाल आचार्य, शहर प्रभारी हेमराज आचार्य, लोकेश आचार्य, नाथूलाल आचार्य, रामेश्वर लाल के साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष बद्रीलाल के साथ ही आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवकिशन आचार्य भी उपस्थित थे। इस मौके पर गणेश जी की प्रसादी भी की गई और विवाह समारोह में सहयोग करने वाले दानदाताओं का संयोजक गौरव आचार्य ने उपरणा ओढ़ाकर कर मेमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

राजस्थान एवं कर्नाटक के राज्यपाल की प्रस्तावित यात्रा के संबंध में तैयारी बैठक आयोजित

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत की जिले में दिनांक 16 दिसंबर की प्रस्तावित यात्रा की तैयारी की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन के अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक के संबंध में विभागों के अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा की एवं एजेंडवार प्रगति की सूचना समय पर भिजवाने, आवागमन, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सहित बैठक में एडीएम प्रभा गौतम, एडीएम रामचंद्र खटीक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, डीएफओ विजय शंकर पांडे, एसीईओ राकेश पुरोहित, एसीईओ विशाल सीपा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महामहिम राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

चित्तौड़गढ़। हिमालय परिवार चित्तौडगढ द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे बताया कि बांग्लादेश मे रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय व्यवहार, महिला एवं बच्चो का उत्पीड़न, घृणित अपराध सहित सनातनीयों एवं साधु-सन्तों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचारो को तुरन्त बन्द करवाने के लिए ठोस कार्यवाही हेतु निवेदन है जिससे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होकर बर्बरतापूर्ण कार्यवाही एवं उत्पीडन पर रोक लग सके इस संबंध मे ज्ञापन सौपा। ज्ञापन सोपने वालो मे नंदकिशोर पारीक जिलाध्यक्ष, निर्भयशंकर जोशी कोषाध्यक्ष, जोगेन्द्रसिंह होडा प्रचार प्रसार मंत्री, कार्यालय प्रभारी रतनलाल बोहरा, राधेश्याम आमेरिया महासचिव वरिष्ठ नागरिक मंच, कमलाशंकर मौड झांतलामाता निःशुल्क भोजनशाला अध्यक्ष, पदमकुमार पोखरना, पन्नालाल नरपत की खेडी आदि उपस्थित थे।

रा. बालिका उ. मा. विद्यालय, गुलमण्डी में कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित

व्यावसायिक शिक्षा की नई दिशा- 196 छात्राओं को मिली कौशल विकास सामग्री

भीलवाड़ा (पुकार)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमण्डी में व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रतिनिधि भगवान सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सांखला एवं प्रधानाचार्य उषा शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि भगवान सिंह चौहान द्वारा स्थानीय विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की 196 छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत कौशल विकास सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौहान ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सांखला द्वारा छात्राओं को समर्पण भाव से शिक्षा अध्ययन करके जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। समसा कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व एवं इसके अन्तर्गत छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। छात्राओं के व्यावसायिक शिक्षा में अग्रिम भविष्य के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह से भाग लेकर इसे सफल बनाया। व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सविता अग्रवाल, व्यावसायिक प्रशिक्षक संगीता दीक्षित व माया पंकज तथा शा.शि. राज बहादुर भंसाली ने कार्यक्रम की व्यवस्था को संभाला। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती यामिनी गेहलोत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की उप प्राचार्य शशि जैन द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शित किया गया।

बीमा कंपनी के विरूद्ध 7 लाख 15 हजार क्षतिपूर्ति का आदेश

चित्तौड़गढ़। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष प्रभुलाल आमेटा एवं सदस्य अरविन्द भट्ट, राजेश्वरी मीणा ने अपने एक निर्णय में विपक्षी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इन्श्योरेंस व फायनेंस कंपनी के विरूद्ध परिवादी को 7 लाख 15 हजार रुपये मय ब्याज, परिवाद व्यय के 2500 रुपये सहित अधिवक्ता व्यय, मानसिक संताप के 5-5 हजार रुपये दिये जाने का आदेश दिया। प्रकरणानुसार परिवादी कमला जीनगर ने एक परिवाद आयोग में इस आशय का पेश किया कि परिवादी के पति ने अपने जीवनकाल में एक वाहन खरीदा जिस पर 8 लाख 67 हजार 2 रुपये का फायनेंस किया गया और उस पर ऋण सुरक्षा बीमा भी विपक्षी द्वारा किया गया था। नियमित किश्ते भुगतान की जा रही थी, इसी दौरान ट्यूबवेल में करंट से परिवादी के पति की मृत्यु हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम करा रोजनामचा रिपोर्ट दर्ज की गई और समस्त दस्तावेज सहित क्लेम फाईल पेश की गई लेकिन बीमा कंपनी द्वारा जानबूझकर बीमा राशि नहीं दी गई और फायनेंस राशि का समायोजन भी नहीं कराया। बीमा प्रावधानों के अनुसार बकाया समस्त देय राशि निरस्त योग्य थी। परिवाद आयोग में पेश किया गया जहाँ परिवादी की ओर से बीमा के प्रावधानों के अनुसार ऋणी की मृत्यु पर समस्त ऋण निरस्त योग्य होने का तर्क दिया गया। मंच द्वारा परिवादी के तर्कों से सहमत होते हुए निर्णय पारित किया गया।

कर्नाटक के राज्यपाल 16 दिसंबर को चित्तौड़गढ़ में

चित्तौड़गढ़। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत 16 दिसंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कर्नाटक के राज्यपाल 16 दिसंबर सोमवार को प्रातः 10 बजे चित्तौड़गढ़ दुर्ग का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11.30 बजे सड़क मार्ग से प्रतापगढ़ प्रस्थान कर जाएंगे।

ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सवः प्रतिभागियों ने बिखेरे राजस्थानी संस्कृति के रंग, किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन, दिनभर चला स्पर्द्धाओं का दौर

मावली (पुकार)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मावली में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए राजस्थानी लोक संस्कृति के रंगों में दर्शकों को सरोबार कर दिया। 15से 29 वर्ष आयु वर्ग के इन युवाओं ने एक से एक नायाब प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम का समां बांध दिया. कार्यक्रम में स्कूली बालिकाओं एवं बालको ने सर्वाधिक संख्या में भाग लिया. सुबह से शाम तक प्रतियोगिताएं चलती रही। सुबह उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल थे जबकि अध्यक्षता उपखंड अधिकारी रमेश सिरवी पुनाडिया ने की. इस अवसर पर महोत्सव आयोजन सचिव मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार, पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र जाट, भाजपा मावली मंडल अध्यक्ष कैलाश गाडरी, पूर्व अध्यक्ष रोशन लाल सुथार, नंदलाल खटवड, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला, हीरा लाल जाट,कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गोखरू आदि बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद सुथार, कृष्ण गोपाल पालीवाल, पुष्पेंद्र सिंह झाला आदि ने युवा महोत्सव पर प्रकाश डाला. युवा महोत्सव प्रभारी मोहन लाल स्वर्णकार ने प्रतिभागियों एवं स्पर्द्धाओं की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया. स्वागत समिति के चंद्रशेखर चौधरी, शैलेष कोठारी, सुधीर शर्मा तथा अन्य सदस्यों ने अतिथि स्वागत किया. कार्यक्रम में पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी उमेश माहेश्वरी, प्रदीप कुमार नेगी, मनोज समदानी, भानसिंह राव, मीठा लाल लौहार, छगन लाल मेघवाल, श्रीमती इंदु हाड़ा,देवेंद्र कुमार,दीपक तलेसरा आदि का भी सानिध्य मिला. प्रतियोगिता समापन के बाद विजेता प्रतिभागियों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार की अध्यक्षता में एवं अन्य शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में पारितोषिक प्रदान कर उनका सम्मान किया गया. संचालन शंकर जाट ने किया।

नवी मुंबई में डांगी पटेल समाज की कुलदेवी माँ आँजणा का पहला मंदिर बना, माँ आँजणा के दरबार में लगा भक्तों का ताँता, 12 हज़ार से अधिक जुटें समाजजन

सलूंबर (पुकार)। नवी मुंबई में डांगी पटेल समाज की कुलदेवी माँ आँजणा का पहला मंदिर बना। जिसका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10-12 दिसम्बर को संपन्न हुआ। शुभ मुहूर्त पर माँ आंजणा पटेल (डांगी) समाज सेवा संस्थान मुम्बई की ओर से पहली बार नवी मुम्बई बेलापुर के समीप स्थित समाज के नवनिर्मित कुलदेवी माँ आँजणा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन दत्तगिरी महाराज रामदत्ता धुणी बमबोरा व चेतनगिरी महाराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में हवन, पूर्णाहुति, महा आरती, ध्वजारोहण व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कमेटी के पदाधिकारी शंकर पटेल व भवर पटेल ने बाहर से आए सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मावली विधायक पुष्कर डांगी, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, बेलापुर सीबीडी विधायक प्रतिनिधि नीलेश म्हात्रे, उदयपुर डेयरी चेयरमैन डालचंद डांगी, पूर्व विधायक मावली दलीचंद डांगी, श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश संयोजक महेंद्र डांगी और समाजसेवी कवि सुनील पटेल नेजपुर रहें। मुख्य कलश की बोली 66 लाख समाजसेवी देवीलाल पटेल मेरावत व समाजसेवी शंकर जावड़ा दोनों ने मिलकर बोली। ध्वज की बोली ग्रुप के माध्यम से 25 लाख 25 हज़ार, छोटा कलश की बोली 31 लाख की बोली गई। 12 लाख 51 हज़ार की चार बोलियां बड़ी थी। इसके बाद हनुमानजी, गणेशजी, भेरुजी मूर्ति बैठने की आरती की सब मिलाकर लगभग 2 करोड़ के आसपास बोली लगी। इसमें मेहमान उदयपुर, सलूंबर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ से 12 हज़ार से अधिक समाजजनों ने भाग लिया। पटेल समाज का मुंबई में कुलदेवी मंदिर एक इतिहास के रूप में पहचान बनाई है। वहां की संस्था ने सभी का स्वागत किया। मावली विधायक पुष्कर डांगी ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन सभी के एक साथ मिलकर आयोजित करने से होता है। समाज को सभी क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए हमें मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि सामाजिक कार्य में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। जहाँ मेरी ज़रूरत होगी वहाँ मैं सभी के लिए तैयार रहूंगा। मुंबई में भी माताजी का दरबार भव्य रूप से बनाया है। आज सभी को अधिक से अधिक संख्या में यहाँ देखकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। बेलापुर सीबीडी विधायक प्रतिनिधि नीलेश म्हात्रे ने डांगी पटेल समाज को सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने डांगी पटेल समाज को देश का गौरव बताया। डेयरी चेयरमैन दलीचंद डांगी ने कहा कि समाज निरंतर श्रेष्ठ समाज बनने की राह पर अग्रसर है। युवाओं को लगातार साथ मिलकर कार्य करेंगे तभी युवा सामाजिक कार्यक्रमों में पूरी तरह से जुड़ पाएंगे। कवि सुनील पटेल नेजपुर ने कहा कि माँ आंजणा पटेल (डांगी) समाज सेवा संस्थान मुम्बई ने समाज के इतिहास में मुम्बई में पहला मंदिर बनाकर स्वर्णिम इतिहास लिखा है। युवाओं के लिए खड़े हैं और खड़े रहेंगे। समाज के स्नेह का कर्ज़ जीवन में नहीं उतारा जा सकता, उन्हें सदैव जीवन भर याद रखूंगा। न्यू मुंबई अध्यक्ष देवीलाल, कमेटी के पदाधिकारी शंकर पटेल, भवर पटेल व प्रसिद्ध भजन गायक शंकरपुरी बावजी ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी समाज बंधुओं का आभार जताया। यह जानकारी श्री सरदार पटेल सेना के उपाध्यक्ष भगवानलाल पटेल बानोडा ने दी। पटेल पाटीदार डांगी समाज की महिलाओं ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज की मातृ शक्ति समाज की वेशभूषा में नज़र आई। महिलाओं ने समाज की परंपरा के गरबे भी खेले। महिलाओं ने एक दूसरे को गले लगाकर सबकी कुशलक्षेम पूछी। माँ आंजणा पटेल (डांगी) समाज सेवा संस्थान मुम्बई के सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर एकजुट होकर कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम पटेल करावली व पत्रकार शंकर पटेल ने किया।

प्रभारी मंत्री खराड़ी ने किया जिला विकास प्रदर्शनी एवं पंच गौरव प्रदर्शनी का शुभारंभ

- जिला विकास पुस्तिका का हुआ विमोचन, किसान सम्मेलन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन
- जिले के 188542 किसान के खातों में सीधे राशि रुपए 18.85 करोड़ डीबीटी हस्तान्तरण से लाभान्वित
- जिला स्तर पर स्कूटी योजना में छात्राएं एवं कृषि योजनाओं से किसान हुए लाभान्वित

डूंगरपुर। कार्यक्रम में विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन करतें, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन करतें अतिथि एवं लाभान्वित छात्राओं को स्कुटी की चाबी सोपतें मंत्री खराडी तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटों: चन्द्रमौली चौबीसा

डूंगरपुर (पुकार)। राज्य सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर होने वाले विविध कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जिला विकास प्रदर्शनी एवं पंच गौरव प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि विधायक सागवाड़ा शंकरलाल डेचा, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, समाजसेवी हरीश पाटीदार, जिला प्रमुख सुर्या अहारी, नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, समाजसेवी बंशीलाल कटारा, प्रभू पण्ड्या, प्रधान सीमलवाड़ा कारीलाल ननोमा, सुरेश फ्लौजिया, प्रधान बिछीवाड़ा देवराम रोत जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ राज्य स्तरीय कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण से हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान सम्मान निधि की द्वितीय एवं तृतीय किस्त का डीबीटी हस्तानान्तरण किया तथा अन्य योजनाओं में लाभान्वित करते हुए संवाद किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों की आकांक्षाओं और आशाओं को जानता हूं, इसलिए हम प्रयासरत हैं कि किसान के पीड़ा दूर था कृषि, पशुपालन उन्नत हो जिससे कृषि की भी उन्नति हो सके, पूरे राजस्थान के अंदर काम किया है और किस तरह पैदावार किस तरह से बढ़ सकती है। इस पर भी हम काम कर रहे हैं। इसके पश्चात् जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए टीएडी एवं प्रभारी मंत्री खराडी ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्पों को पूरा करते हुए युवा, महिला, गरीब मजदूर तथा वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया। अतिथियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव पाठक ने किया।

विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन, विकास पुस्तिका का हुआ विमोचन:-

जिला प्रभारी मंत्री खराड़ी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में शुभारंभ किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, डूंगरपुर द्वारा लगाई गई जिले में हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने विभागवार लगाए गए विकास कार्यों, सफ्लता की कहानियों का अवलोकन किया। ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री खराड़ी एवं अतिथियों ने जिला प्रशासन के निर्देशन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। विकास पुस्तिका में वर्तमान सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान जिले की विशिष्ट उपलब्धियों, विकास कार्यो, सफ्लता की कहानियों को संकलित किया गया है।

पंच गौरव प्रदर्शनी का किया अवलोकनः-

मुख्यमंत्री द्वारा एक जिला- एक उत्पाद के तहत डूंगरपुर जिले में मार्बल एवं उत्पाद, एक जिला-एक फ्ल के तहत आम, एक जिला-एक खेल के तहत तीरंदाजी, एक जिला-एक प्रजाति के तहत सागवान पंच गौरव की प्रदर्शनी का जिला प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों द्वारा तीरंदाजी भी की गई।

गोद भराई एवं बच्चों के साथ काटा केक :-

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा समोराह स्थल पर प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों द्वारा गोद भराई कार्यक्रम एवं बच्चों के जन्म दिवस को मनाते हुए केक काटा गया।

सब्जियों की आड़ में शराब तस्करी, डेढ़ लाख की अवैध शराब जब्त

आरोपी चालक गिरफ्तार, धंबोला पुलिस की कार्यवाही

डूंगरपुर(पुकार)। जिलें की धंबोला पुलिस ने पावर हाउस के पास शराब से भरे एक लोडिंग टेंपो सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सब्जियों के कैरेट की आड़ में शराब की तस्करी कर रहा था। वहीं, टेंपो से डेढ़ लाख रुपए की शराब बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान बताया कि मुखबिर के जरिए शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस की ओर से धम्बोला पावर हाउस के पास नाकेबंदी शुरू की गई। इस दौरान एक लोडिंग टेंपो को रोककर उसकी तलाशी ली गई।

डूंगरपुर। धंबोला पुलिस की गिरफ्त में आरोपी टेंपो चालक एवं जब्त शराब। फोटों: चन्द्रमौली चौबीसा

मेहता दूसरी बार बने बार अध्यक्ष

- जिला बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

डूंगरपुर(पुकार)। जिले के जिला बार एसोसिएशन डूंगरपुर के चुनाव शुक्रवार को बार सभागार में हुए। 6 पदों के लिए कुल 221 वकीलों ने वोट किया। मतगणना में सिद्धार्थ मेहता दूसरी बार अध्यक्ष पद पर विजयी रहें। उन्होंने अपने प्रतिद्वंधी प्रत्याशी को 40 वोट से हराया। पुस्तकालय सचिव पर से सबसे कम 2 वोट से जीत दर्ज की। जबकि सबसे बड़ी जीत कोषाध्यक्ष पर के लिए अमोल जैन की रही। उन्होंने 76 वोट से प्रतिद्वंदी को हराया। बार एसोसिएशन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष ओर पुस्तकालय सचिव पदों के लिए 2-2 उम्मीदवार मैदान में थे। सुबह 10 बार सभागार में मतदान शुरू हुआ ओर प्रत्याशी वोट के लिए अपने साथी वकीलों से गुहार करते रहे। प्रत्येक वकील ने विभिन्न पदों के लियें 6-6 वोट किए कुल 221 वकीलों ने मतदान किया वही 10 वकील वोट करने के लिए न्यायालय परिसर स्थित सभागार नहीं पहुचें। शाम के समय वोटो की गिनती शुरू की गई। जिसमें चुनावी परिणामों के आने के साथ ही अध्यक्ष पद पर सिद्धार्थ मेहता ने 40 वोट से जीत हासिल की। सिद्धार्थ मेहता को 130 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सूर्यसिंह शक्तावत को 90 वोट ही मिले। 1 वोट खारिज हुआ। सिद्धार्थ मेहता दूसरी बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए।

वही उपाध्यक्ष पद के लिए कन्हैयालाल पटेल ने 75 वोट से जीत हासिल की। कन्हैयालाल को 147 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी नारायणलाल मोडीया को 72 वोट मिले। 2 वोट खारिज हुए। महासचिव पद के लिए सादेकिन जमान पठान ने 6 वोट से जीत हासिल की। सादेकिन को 118 ओर उनके प्रतिद्वंदी दीपक कुमार पंड्या को 102 वोट मिले। वही संयुक्त सचिव पद पर कीर्तिराज सिंह ने 32 वोट से जीत हासिल की। कीर्तिराज सिंह को 126 ओर उनके प्रतिद्वंदी अमृतलाल मनात को 94 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अमोल जैन ने 76 वोट से जीत हासिल की। अमोल को 148 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी 72 वोट ही मिले। पुस्तकालय सचिव पर के लिए चंदूलाल बरंडा ने 2 वोट से जीत दर्ज की। चंदूलाल को 111 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी राकेश यादव को 109 वोट मिले। जीत के बाद वकीलों ने खुशी जताई और विजेता रहे वकीलों को फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

डूंगरपुर। बार एसोसिएशन चुनाव परिणामों के बाद विजयी मुद्रा में विजयी अधिवक्ता। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

भारत गौरव पुलक सागर का मुस्कान संस्थान में भव्य स्वागत

डूंगरपुर(पुकार)। भारत गौरव राष्ट्र संत आचार्य श्री पुलक सागर महाराज ससंग का मुस्कान संस्थान में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। महाराज छापी से मंगल विहार कर बलवाड़ा स्थित मुस्कान संस्थान में मंगल प्रवेश हुआ।

प्राप्त जानकारी देते हुए संस्थान के सेवा आचार्य भरत नागदा ने बताया कि संस्थान में आवासरत अनाथ बच्चो, बच्चियों, महिलाओ, वृद्वजनों व समस्त सेवादारियों द्वारा ढोल लगाडो के साथ स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा पारम्परिक गैर नृत्य करते हुए एवं बच्चियों द्वारा लेजम नृत्य करते हुए, महाराज जी पर पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया। भरत नागदा परिवार द्वारा महाराज जी का पाद-प्रक्षालन कर लाभ लिया गया। रात्रि में महाराज की आरती का लाभ लिया गया।

डूंगरपुर। राष्ट्र संत आचार्य श्री पुलक सागर महाराज ससंग का मुस्कान संस्थान में भव्य मंगल प्रवेश कराते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

प्रभारी मंत्री बाबुलाल खराड़ी ने किया रोगी सहायता केन्द्र का उद्घाटन

डूंगरपुर(पुकार)। जिला अस्पताल के नवीन परिसर में आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित व संचालित रोगी सहायता केंद्र का उद्घाटन जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा फीता काटकर किया। चिकित्सालय में भर्ती होने वाले रोगियों के लिए उचित मार्गदर्शन व सहायता के लिए रोगी सहायता केंद्र खोला गया। जिसमें 24 घंटे स्टॉफ के साथ भर्ती रोगियों के लिए व्हीलचेयर तथा ट्रॉलिया उपलब्ध रहेगी। ट्रस्ट के को-ऑर्डिनेटर पदमेश गांधी ने रोगी सहायता केंद्र द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर राजस्थान नर्सेस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रियदर्शी मीणा द्वारा ज्ञापन देकर चिकित्सालय में बेड़ की संख्या के अनुपात में नर्सिंग ऑफिसर के पद स्वीकृत कर भर्ती करने का ज्ञापन दिया।

इस मौके पर आरोग्य चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बंशीलाल कटारा, समाजसेवी हरीश पाटीदार, अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर, डॉ. दिनेश खराड़ी, डॉ. निलेश गोठी, राजस्थान नर्सेस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रियदर्शी मीणा, कोकिला डामोर, नर्सिंग अधीक्षक कुमुद बामनिया, अशोक जैन, प्रदीप रोत, राजेश हंगात, राजेश कटारा, संतोष अहारी, अंजना साद पुष्पेन्द्र सिंह व अन्य चिकित्सालय कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पदमेश गांधी ने किया।

डूंगरपुर। रोगी सहायता केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला प्रभारी मंत्री खराड़ी।- फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

कांग्रेस राज में 19 बार परीक्षा ओर सभी पेपर हुये आउट-मंत्री खराड़ी

- हम पांच साल मे चार लाख युवाओं को नौकरी देंगे
- एक साल में कोई पेपर दुबारा करने की नौबत नही आई
- प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में की पत्रकार वार्ता

डूंगरपुर(पुकार)। भाजपा के राज्य सरकार में एक साल पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं । इसी क्रम में शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये प्रभारी टीएडी मंत्री बाबूलाल खराडी ने राज्य सरकार के एक साल के सफ्ल कार्यकाल को बताया साथ ही उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर पेपर आउट होने के आरोप लगाते हुए सरकार की मिलीभगत की बात कही। मंत्री खराडी ने वार्ता को संबोंधित करतें हुयें सरकार का युवा, किसान, मजदूर और महिला को फोकस कर विकास के कार्य करना बतलाया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में 85 हजार नियुक्ति की विज्ञप्ति जारी होना शुरू हो गया हैं। वही कांग्रेस ने 19 बार परीक्षाएं आयोजित की ओंर 19 ही बार उनका पेपर आउट हो गया। पेपर माफ्यिा में पूरी सरकार की मिलीभगत थी। भाजपा ने कांग्रेस सरकार से पेपर माफ्यिा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। युवाओं के साथ खड़े रहे और उनके लिए लाठियां खाई। कांग्रेस ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन जैसे ही भाजपा की सरकार बनी सबसे पहले पेपर माफ्यिा के खिलाफ एक्शन लिया। एसआईटी का गठन किया। पेपर माफ्यिा को जेल भेजने का काम किया है, जो देश से बाहर भागे है उनको भी छोड़ेंगे नहीं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि पेपर माफ्यिा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इसी का परिणाम है कि अभी तक एक भी पेपर आउट नही हुआ हैं।

एक रूपया भी खाया तो पेट से निकालेंगे-

प्रभारी मंत्री ने जलजीवन मिशन गड़बड़ियों और घोटालों के सवाल पर कहा कि जहां भी गड़बडियां हुई हैं। उनकी जांच चल रही है। जल जीवन मिशन में किसी को 1 रुपया भी नहीं खाने देंगे। अगर किसी ने खाया तो उसके पेट से निकालेंगे। उन्होंने एक जिला एक प्रोडक्ट जैसे योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने की भी बात कही।

कॉलेज भवन को लेकर दिलायेगे मंजूरी, जल्द होगी लेक्चरर की भर्तीयांः-

टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने 3 साल से एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति अटकने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस सरकार ने गड्ढा कर दिया है। कांग्रेस ने 2 साल तक छात्रवृत्ति नहीं दी। हमारी सरकार बनी ओर फ्रि से उपचुनाव आ गए। हम अब छात्रवृत्ति का भुगतान करने का काम करेंगे। वहींए शहर के सबसे बड़े एसबीपी कॉलेज के खंडहर भवन को लेकर सवाल पर कहा कि सरकार कॉलेज के नए भवन के बजट के लिए काम कर रही है। 125 करोड़ रुपए का प्रपोजल हैए जिसे सरकार की ओर से मंजूरी दी जाएगी। वहींए कॉलेज में लेक्चर के 80 पर्सेंट खाली पदों को लेकर कहा कि भर्तियां चल रही है और जल्द ही नए लेक्चरर मिलेंगे।

उन्होंने किसान सम्मान निधी में केंद्र के 6 हजार और राज्य के 2 हजार रुपए बढाने की जानकारी दी। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से प्रत्येक जिले में एक उत्पादन के बिक्री बढाने के लिए उद्योग स्थापित होंगे। पूर्व में कांग्रेस सरकार की गलत नीति के कारण राज्य बीमार की श्रेणी में चला गया है। इसे पुनः विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का कार्य किया जाएगा।

डूंगरपुर। सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करतें प्रभारी मंत्री एवं अन्य। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता में कैरम खेलती हुई छात्राएं। फोटोंः गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा(पुकार)। शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय सीमलवाडा में शुक्रवार से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। निदेशक प्रशांत चौबीसा, एवं प्राचार्य रंजना चौहान के सानिध्य में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे ईश वन्दना के पश्चात रजंना चौहान ने उद्बोधन में छात्रो को खेल हेतु प्रेरित किया उसके पश्चात् खेल प्रभारी प्रतीक पण्ड्या ने खेल के नियम व निर्देश बताते हुए दो दिवसीय खेल कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात् ध्वजारोहण, शपथ एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच वॉलीबॉल से प्रारम्भ किया गया। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग मे अनिल एवं दल विजेता विपीन एवं दल उपविजेता वॉलीबॉल महिला वर्ग कमला एवं दल विजेता, भारती एवं दल उपविजेता, मेहंदी मे प्रथम जया, द्वितीय प्रियंका, तृतीय मोनिका लक्ष्मी रही। रंगोली में प्रथम मोनिका व खुशी द्वितीय, रेणुका व पीना, कैरम पुरुष मे प्रथम भुपेन्द्र. द्वितीय कमलेश, महिला में प्रथम अंजली, द्वितीय अंजली व चेयर रेस पुरुष में प्रथम कमलेश, द्वितीय मौसम, तृतीय भुपेन्द्र रोत चेयर रेस महिला में प्रथम कविता, द्वितीय प्रियंका तृतीय एवं 100 मीटर पुरुष दौड में प्रथम हिमेश, द्वितीय कैलाश, तृतीय कल्पेश व 100 मीटर महिला दौड में प्रथम अंजली रोत, द्वितीय जशोदा, तृतीय प्रियंका, चम्मच रैस पुरुष में प्रथम अनिल, द्वितीय भुपेन्द्र, चम्मच रैस महिला में प्रथम कविता द्वितीय लक्ष्मी, कार्यक्रम का संचालन प्रतीक पण्ड्या व आभार विद्या पाटीदार ने व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

नवजात शिशुओं की माताओं के लिए वस्त्र वितरण

डूंगरपुर(पुकार)। महावीर इन्टरनेशनल वीरा प्रिय दर्शना डूंगरपुर द्वारा मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में संस्था द्वारा नवजात शिशुओं की माताओं के लिए वस्त्रों का वितरण किया गया।

संस्था द्वारा हर माह नवजात शिशुओं की माताओं को संक्रमण से बचाने के लिए वस्त्र एवं नवजात शिशुओं के लिए बेबीकिट का वितरण किया गया। महावीर इन्टरनेशनल रोग निदान केंद्र पर वीरा केंद्र की मासिक बैठक भी रखी गई।

इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय से मेल नर्स राकेश शर्मा, अशोक जैन, वीरा प्रियदर्शना की अध्यक्षा कल्पना दोषी, सचिव पुष्पक जैन, उपाध्यक्ष कनकलता जैन, ममता भट्ट, कोषाध्यक्ष निधि गांधी, रेखा गोठी, मीना जैन, श्वेता जैन, ममता सरैया, सुषमा गांधी, रितु दोषी, रितु शाह, हिरुषा शाह, कल्पना वखारिया, निलम दोशी, आशा वोरा आदि उपस्थित रहे।

कपड़े की दुकान में लगी आग, 25 लाख का हुआ नुकसान

सीमलवाड़ (पुकार)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के झोथरी गांव में गुरुवार देर रात को एक कपड़े की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना के डेढ़ घंटे बाद भी अगिशमन दस्ता मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया। लेकिन आग से दुकान में रखे कपड़े और फर्नीचर जलकर खाक हो गए। जिससे व्यापारी को तकरीबन 25 लाख का नुकसान हुआ है। मामले के अनुसार झोथरी गांव निवासी जितेंद्र दर्जी की गांव में कपड़े की दुकान है। शाम को वह दुकान बंद करके गया था। इस दौरान रात को गांव से गुजर रहे लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा। जिस पर लोगो ने आग लगने की सूचना दुकान मालिक को दी। सूचना पर व्यापारी जितेंद्र ओर परिवार मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी वही आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इधर करीब सूचना के डेढ़ घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची । इधर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन आग से दुकान में रखे कपड़े और फर्नीचर जलकर खाक हो गया जिससे व्यापारी को करीब 25 लाख का नुकसान पहुंचा है।

संगीतमय सुन्दरकाण्ड़ पाठ आज

डूंगरपुर(पुकार)। विजय बाल हनुमान मन्दिर सलाटवाड़ा चौक डूंगरपुर में प्रथम सुन्दरकाण्ड़ पाठ शनिवार शाम 7 बजे होंगा।

पार्षद ब्रिजेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि श्रीराम बजरंग सत्संग मण्ड़ल द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड़ पाठ किया जाएगा। आयोजन विजय बाल हनुमान नवयुवक मण्ड़ल एवं सोमपुरा राधाकृष्ण सत्संग मण्ड़ल के तत्वावधान में होंगा। कार्यक्रम में सभी सनातन धर्मप्रेमी आमंत्रित है।

पोहरी खातुरात क्षेत्र 890 बच्चों को नि :शुल्क पेन वितरित

सीमलवाड़ा(पुकार)। झोथरी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पीईईओ पोहरी खातुरात अधीनस्थ सरकारी स्कूलों में 890 बच्चों को समाजसेवी पूंजीलाल रोत द्वारा निशुल्क पेन वितरित किए गए। समाजसेवी पूंजीलाल रोत ने बताया कि अभी अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चे गरीब हैं ऐसे में उन्हें राहत देने निशुल्क पेन वितरित किए गए हैं। सभी आठ स्कूल स्टाफने भामाशाह का आभार जताया है।

पेंशनर संवाद कार्यक्रम आयोजित

डूंगरपुर(पुकार)। डूंगरपुर प्रवास के दौरान भारती राज अतिरिक्त निदेशक पेंशन एवं पेशनर्स कल्याण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर ने पेंशनरों से संवाद कर समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान कोषाधिकारी जयसिंह डामोर द्वारा अतिरिक्त निदेशक का स्वागत किया गया।

अतिरिक्त निदेशक ने पेंशनरों से संवाद के दौरान बताया कि किसी भी पेंशनर को कार्यालय स्तर पर कोई समस्या का सामना न करना पडे। पेंशनर को तत्काल सुविधा उपलब्ध करवाना ही पेंशन विभाग और कोषालय का मुख्य उद्देश्य है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष विनय जैन संरक्षक एवं प्रतिनिधि नानुराम माली, दिनेश श्रीमाल, कन्हैयालाल जैन एवं कई गणमान्य पेंशनर उपस्थित थे। कन्हैयालाल जैन ने बताया कि अतिरिक्त निदेशक की समर्पित कार्यप्रणाली हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कोषालय से कोषाधिकारी जयसिंह डामोर ने बताया कि पद पर रहते अपने कार्यो का निष्ठापूर्वक निर्वहन भी एक सच्ची राष्ट्र सेवा है। पेंशनर्स ने डूंगरपुर के पेंशनर समाज, कोषाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ नियमित समस्या समाधान के लिए त्रैमासिक बैठक का का आग्रह किया गया। गंगाराम बलाई उप कोषाधिकारी ने निदेशक एवं सभी पेंशनरों का आभार व्यक्त किया। कोषालय के सभी लेखाकर्मी एवं सभी कोष कर्मियों ने सेवा परमो धर्म का संकल्प लिया।

संभाग स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

सीमलवाड़ा(पुकार)। 51 वी मण्डल स्तरीय दो दिवसिय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन वागड सेंट्रल पब्लिक माध्यमिक स्कुल में समापन हुआ। समारोह ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमलवाडा लक्ष्मणलाल डामोर के मुख्य आतिथ्य में व अध्यक्षता मन्त्रालयिक कर्मचारी संघ के मण्डल उदयपुर के सचिव दिलीप कुमार श्रीमाली, विशिष्ट अतिथी डूंगरपुर के जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह अहाडा, प्रधानाचार्य प्रवीण पाटीदार, अजित कुमार जैन, रमेश चन्द्र रोत, नारायण लाल खराडी रहे। प्रधानाचार्य रमेश रोत व अजित जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मन्त्रालयिक कर्मचारियों में काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसका लाभ अपने क्षेत्र में व स्कूलों में भी लाभ बालको को देने का प्रयास करें। संयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान नरेश कुमार कलाल ने सभी कर्मचारियों का विद्यालय में कार्यक्रम की मेजबानी करने का अवसर देने पर आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मणलाल डामोर द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर जाकर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। ध्वज अवतरण कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

सेवानिवृत्त शिक्षक ने स्कूल में दिया आर्थिक सहयोग

सीमलवाड़ा(पुकार)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरखेड से सेवानिवृत्त अध्यापक कन्हैयालाल परमार ने स्कूल में शैक्षणिक सुविधा बेहतर बनाने 25 हजार का सहयोग किया। प्रिंसिपल विनोद पाटीदार ने बताया कि सहयोग राशि को विद्यालय विकास खाते में जमा कराई गई है। इस अवसर पर विनोद पाटीदार, प्रकाश सिंह राव, वाडीलाल डामोर, कालूराम डेंडोर, बसंत लाल डामोर, प्रकाश पाटीदार, पूर्व सरपंच लालशंकर परमार सहित ने भामाशाह का आभार जताया है।

Government Of Rajasthan

Directorate Of Mines & Geology,

Khanij Bhawan, Shastri Circle, Udaipur (Rajasthan) 313001

Email:- po.mg@rajaasthan.gov.in

DMG/ दिनांकः

निविदा सूचना संख्या 5/2024-25

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान, उदयपुर परिसर में सफाई कार्य हेतु निविदा कुल अनुमानित राशि रू.6.00 लाख (रू. छः लाख मात्र) दिनांक 18.12.2024 समय 01.00 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की वेबसाईट (https://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है ।

UBN No. MIN2425SSOB00073

DIPR/C/12738/2024

अतिरिक्त निदेशक प्रशासन

खान एवं भू विज्ञान विभाग उदयपुर

संक्षिप्त समाचार

शिल्पग्राम उत्सव के लिए राज्यपाल को निमंत्रण

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर में 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाले शिल्पग्राम उत्सव की तैयारियां चल रही हैं। उधर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने राजस्थान के माननीय राज्यपाल और अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र से जयपुर में भेंट कर उन्हें शिल्पग्राम उत्सव के उद्घाटन हेतु पधारने के लिए व्यक्तिगत रूप से निवेदन किया जिसे राज्यपाल महोदय ने स्वीकार कर लिया। खान ने केंद्र में चल रही अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी। राज्यपाल ने लोक कलाओं के व्यापक प्रचार प्रसार पर ज़ोर दिया । कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 20 दिसंबर को उदयपुर आएंगे।

डाइट की मासिक बैठक

उदयपुर (पुकार)। डाइट पंचांग की वार्षिक कार्ययोजना में संस्थान के योजना एवं प्रबंधन प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत आयोजित मासिक बैठक शुक्रवार को डाइट के टैगोर हॉल में संपन्न हुई। डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चन्द्रशेखर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संस्थान के सेवापूर्व प्रशिक्षण,सेवारत,कार्यानुभव, पीएंडएम, ईटी, पाठ्यचर्या, सामग्री विकास एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा पंचांग के तहत संपादित गतिविधियों से संबंधित प्रगति की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानाचार्य द्वारा प्रभाग एवं कार्यालय स्तर के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं शेष रही समस्त कार्यक्रम गतिविधियों को दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में व्यय बिलों के भुगतान, स्टोर,ई फाइल, प्रकाशन कार्य,आईसीटी लैब, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्य आदि पर चर्चा की गई। बैठक में प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी,डॉ बृजबाला शर्मा, बीना कंवर राजपूत, तेजपाल जैन, गायत्री जोशी,मंजू टाक सहित प्रभारी हरिदत्त शर्मा,अमिता शर्मा,रियाज अहमद,अमृता जोशी,अलेक्जेंडर फील्ड, सुनीता माथुर, ऋचा साहू, रक्षा नागर, नीता सांखला,खुशबू साँदू ,चिराग सैनानी तथा आयशा जुल्का आदि उपस्थित रहें। बैठक के अंत में प्रभारी अधिकारी त्रिभुवन चौबीसा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

रुचि व्यास को पीएचडी की उपाधि



उदयपुर (पुकार)। एमबीएम यूनिवर्सिटी जोधपुर ने रुचि व्यास को 'डवलपमेंट ऑफ एल्गोरिदम फ़ॉर मैक्सिमाइज़िंग द स्कोर ऑफ स्क्रेबल गेम यूजिंग मशीन लर्निंग एन्ड नेश एक्विलिब्रियम' विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने यह शोधकार्य डॉ आलोकसिंह गहलोत के निर्देशन में किया। गीतांजलि टेक्निकल इंस्टीट्यूट उदयपुर में कार्यरत रुचि ने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेको शोधपत्र, पेटेंट व पुस्तके भी प्राकशित की है।

पेसिफिक रॉयल ब्लूज मर्चेंडाइज स्टोर का शुभारंभ

उदयपुर (पुकार)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिसर में शुक्रवार को ईयूएसएआई ने अपने नवीनतम पेसिफिक रॉयल ब्लूज मर्चेंडाइज स्टोर का उद्घाटन किया। स्टोर का उद्घाटन पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,ईयूएसएआई की प्रेसिडेन्ट डॉ.मधु भंडारकर,रोहित सिंह राजावत ने किया। इस स्टोर पर उच्च गुणवत्ता वाले स्पोर्टस् से सम्बन्धित ट्रेक पेन्ट,टी शर्ट, ट्रेकसूट सहित स्पोर्टस् वियर उत्पादों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। उद्घाटन के इस अवसर पर ईयूएसएआई की प्रेसिडेन्ट डॉ.मधु भंडारकर ने कहा कि इस स्टोर खोलने का उद्धेश्य स्पोर्टस् का प्रचार प्रसार करने साथ ही उसे बढावा देना है जिससें विधार्थीयो का पढ़ाई के साथ साथ मानसिक और शारीरिक विकास हो सके।

प्रिंसी अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि



उदयपुर (पुकार)। बीएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी की शोधार्थी प्रिंसी अग्रवाल को 'मार्केटेड पॉली हर्बल फॉर्मुलेशन्स के गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों की तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर उनके शोध के लिए बीएन विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस शोध को डॉ. अंजू गोयल, प्रोफेसर (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री) के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। इस शोध ने आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता और प्रभावकारिता के मानकों को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

बीएन शिक्षा संकाय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। शिक्षा संकाय, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सह शैक्षणिक गतिविधियों के तहत 'भारतीय भाषा उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो शशि चित्तौड़ा ने बताया कि इस अवसर पर हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हुसैनी बोहरा, डॉ चन्द्ररेखा शर्मा तथा डॉ. कीर्ति चुंडावत, सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग ने दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पधारे हुए सभी सम्माननीय अतिथियों का स्वागत डॉ सीमा शर्मा द्वारा किया गया। डॉ बोहरा ने भारतीय भाषा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस सुप्रसिद्ध तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है तथा भाषा के विकास में देवनागरी एवं द्रविड़ लिपि के योगदान को बताते कहा कि भाषा हमारे हृदय को छूती है। डॉ चन्द्ररेखा शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय परम्परा तथा संस्कृति को पोषित करने में भाषा की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ कीर्ति चुंडावत द्वारा भाषा की विकास यात्रा का वर्णन करते हुए बताया गया कि प्रान्तीय भाषाएं साहित्य के माध्यम से जितने अधिक लोगों के मध्य पहुंचती है तो भाषा उतनी ही परिष्कृत होती है। प्रो शशि चित्तौड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषाई एकता के द्वारा हमारे आपसी मानवीय सम्बन्ध काफी मजबूत होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भी भाषा के महत्व को स्वीकार किया गया हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ खुशबू कुमावत तथा डॉ अजयपाल सिंह चुंडावत द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नन्द किशोर शर्मा द्वारा दिया गया। बी एन संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल (प्रो.) शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ तथा कुलसचिव बीएन विश्वविद्यालय डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संस्थान एक शताब्दी से भारतीय भाषाओं को सीखने के प्रति उत्साह जगाने और प्रोत्साहित करने के लिए, भारतीय भाषाओं और संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने में जुटी हुई है। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के सभी प्रशिक्षणार्थी एव संकाय सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

राज्य सरकार के ऐतिहासिक कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर विविध आयोजनों का सिलसिला

राशि का भुगतान होने से अन्नदाताओं के चेहरे पर आई मुस्कान

उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार का ऐतिहासिक कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को कायड़,अजमेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को डीबीटी के माध्यम से नकद लाभ का भुगतान किया गया। वहीं मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसान सम्मान निधि के किश्त रिमोट का बटन दबाकर सीधे काश्तकारों के बैंक खातों में हस्तांतरित की।

इस समारोह का प्रसारण एवं जिला स्तरीय किसान सम्मेलन नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से आए किसानों को उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, प्रमोद सामर ने सांकेतिक रूप से चेक वितरित किये।

उदयपुर जिले के किसान को अजमेर में मुख्यमंत्री ने सौंपा 50 हजार का चेक : कायड़, अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर जिले की गिर्वा तहसील के बछार मादड़ी निवासी किसान जीवन लाल पिता हकरा भील को 50 हजार रुपये की अनुदान राशि का चेक सौंपा। जीवन लाल एक मेहनती एवं नवाचारी कृषक है जिनके पास कुल 7 बीघा कृषि भूमि है। इस भूमि पर पांरपरिक फसलो मक्का गेहूँ, सरसो चना आदि की खेती के साथ साथ सब्जियो में मुख्यतया मटर, प्याज, गोभी, टमाटर, मिर्च की खेती आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीको से की जा रही है। जीवन लाल ने आत्मा योजनान्तर्गत अन्तर राज्यीय भ्रमण एवं अन्तर राज्यीय प्रशिक्षण प्राप्त कर आधुनिक कृषि तकनीको को अपनाया। इन प्रशिक्षणों में उन्हे खेती में नवाचार करने की प्रेरणा दी। सफेद मूसली की खेती उनके नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिला इसके अलावा ब्रोकली और मधुमक्खी पालन भी करते है। भविष्य में वे स्ट्रोबेरी की खेती करने की योजना बना रहे है, जो उनकी दूरदर्शिता और प्रगतिशील सोच को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त जीवन लाल ने गाय, भैंस, बकरी, एवं मुर्गी भी पाल रखी है इनसे प्राप्त दूध से दही, घी, छाछ, आदि का स्थानीय बाजार में विक्रय कर आय प्राप्त की जा रही है। पशुओं से प्राप्त होने वाले गोबर से लगातार वर्मीकम्पोस्ट तैयार कर अपने खेत पर फसलों के लिए इस्तेमाल करते है एवं खेत पर सिंचाई जल बचत हेतु फव्वारा सिंचाई संयत्र व पाईप लाईन को स्थापित किया गया है। कृषक ने न केवल पारम्परिक खेती को आधुनिक तकनीकों से जोडा बल्कि अन्य गतिविधियों जैसे मधुमक्खी पालन को भी अपनाया। इन सभी प्रयासों से उनकी आय में वृद्धि हुई है और वे आत्मनिर्भर बने है, साथ ही अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बने है।

उदयपुर में कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को मिला डीबीटी के माध्यम से नकद लाभ : संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार सुधीर वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित किसान सम्मेलन में केंद्रीय प्रवर्तित योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत पॉली हाउस स्थापना पर उदयपुर जिले की मावली पंचायत समिति के फलीचड़ा खेड़ी निवासी काश्तकार देवीलाल पुत्र रतनलाल जाट को 32 लाख 7 हजार 200 रुपये की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा कृषकों को कृषि यंत्र क्रय करने हेतु जिले के चार किसानों को कुल 1 लाख 44 हजार 750 रुपये, स्थायी वर्मी कंपोस्ट यूनिट निर्माण हेतु जिले के चार किसानों को 1 लाख 99 हजार 996 रुपये, तारबंदी योजना के तहत देय अनुदान राशि में जिले के चार किसानों को 1 लाख 8 हजार 520 रुपये, फार्म पोंड निर्माण हेतु जिले के चार कृषकों को 2 लाख 94 हजार, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना अंतर्गत वर्मी कंपोस्ट यूनिट निर्माण हेतु जिले के चार किसानों को कुल 40 हजार , राज्य योजना अंतर्गत कृषि विषय अध्यनरत छात्रों को प्रोत्साहन राशि योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही तीन छात्राओं को कुल 75 हजार तथा कृषि विषय में पीएचडी कर रही एक छात्रा को 40 हजार रुपये की राशि का सांकेतिक चेक अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया, उक्त लाभार्थियों को नकद लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके संबंधित बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया।

इस अवसर पर कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एस. के. वर्मा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक रविन्द्र वर्मा, उपनिदेशक कैलाश शर्मा, सहायक निदेशक कृषि मिताली राठौड़ समेत अन्य विभागीय अधिकारीगण एवं सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए अन्नदाता मौजूद रहें।

अब तक 87 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर : टी. रविकान्त

आगामी वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉक नीलामी की तैयारी के निर्देश

माइनर मिनरल प्लॉटों की नीलामी में भी रचा जाएगा इतिहास

अधिकारी फील्ड में रहे सक्रिय, अवैध गतिविधियों पर लगाए अंकुश

उदयपुर (पुकार)। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने आगामी वर्ष के लिए 100 से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉकों के ई-नीलामी की आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 33 मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई नीलामी की जा चुकी है और अब तक 87 मजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी कर राजस्थान समूचे देश में पहले स्थान पर आ गया है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त शुक्रवार को उदयपुर में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेष में मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी लाने के साथ ही अधिक से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉक तैयार कर ई-नीलामी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉक व प्लॉटों के लिए डेलिनियेशन से लेकर आवश्यक सभी तैयारियों का रोडमैप बनाना होगा।

माइनर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए टी. रविकान्त ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 890 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र के 429 माइनर मिनरल प्लॉट व क्वारी लाइसेंस प्लॉटो की ई नीलामी की जा चुकी है जिससे राज्य सरकार को नीलामी की प्रीमियम राशि 40 प्रतिशत के रुप में 182 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलमा प्रक्रिया जारी है और इस वित्तीय वर्ष में माइनर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी का भी नया रेकार्ड कायम किया जाएगा।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने अधिकारियों को कहा कि हमें यहीं तक सीमित नहीं रहना है अपितु माइनिंग सेक्टर को और अधिक उंचाइयों पर ले जाना है। उन्होंने कहा, अधिकारियों को फील्ड में अधिक सक्रिया रहना होगा ताकि अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण गतिविधियों को प्रभावी तरीके से रोक कर राजकीय राजस्व में होने वाली छीजत को रोका जा सके। उन्होंने राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने और नवाचारों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने मिनरल ब्लॉकों की तैयारी से लेकर ऑक्शन प्रक्रिया तक की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

अतिरक्त निदेशक महावीर प्रसाद मीणा ने विस्तार से विभागीय प्रगति की जानकारी दी। एसएमई मेजर सतीश आर्य और एसएमई माइनर कमलेश्वर बारेगामा ने मेजर व माइनर मिनरल्स के ब्लॉक व प्लॉट तैयारी, डेलिनिएशन व अन्य जानकारी दी।

अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान व मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनपी सिंह ने आरमेट की गतिविधियों से अवगत कराया। एसजी राजकुमार मीणा ने बीडिंग प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 20 लाख पक्के मकान बनाने का लक्ष्य

उदयपुर (पुकार)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत केंद्र सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों और लोगों के विकास व संवर्धन के लिए विभिन्न मंत्रालयों और योजनाओं के माध्यम से 76 हजार 156 करोड रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। इसके तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा पीएमएवाई, ग्रामीण योजना के तहत 20 लाख पक्के मकान बनाने तथा पीएमजीएसवाई के तहत 25 हजार किलोमीटर संपर्क सडकों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को संसद में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत के अतारांकित प्रश्न पर यह जवाब दिया गया।

सांसद रावत ने संसद में यह प्रश्न रखा था कि क्या सरकार ने जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) शुरु किया है और यदि हां तो इस संबंध में पूरा ब्यौरा क्या है। इस अभियान के तहत राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से निकट भविष्य में उक्त अभियान के तहत किए जाने वाले संभावित कार्यों का मंत्रालय वार ब्यौरा क्या है?

सांसद रावत के प्रश्न पर जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 5 वर्षों में 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे के अंतरों को भरना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 30 राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉक में 5 करोड़ से अधिक जनजातियों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

प्रत्येक मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वह सौंपे गए उपाय को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। अभियान का कुल बजट 79,156 करोड़ रुपये है। इसमें से 256.333 करोड केंद्रीय हिस्सा और 222,823 करोड़ रुपए राज्य का हिस्सा है। इस योजना में 17 मंत्रालयों को विभिन्न योजनाओं के तहत अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

नारायण सेवा संस्थान की मानव सेवा के लिए एक और मज़बूत वैश्विक सहभागिता

उदयपुर (पुकार)। हाल ही में नारायण सेवा संस्थान को इंटरनेशनल सोसायटी फॉर प्रोस्थेटिक्स एण्ड ऑर्थोटिक्स के सहयोग से आयोजित 'ग्लोबल पार्टनरशिप एक्स्चेंज समिट' में वैश्विक सहभागी बनने का अवसर मिला है। यह समिट उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान के बड़ी स्थित सेवा महातीर्थ में दिनांक 12 दिसम्बर को ऑन लाइन आयोजित की गई, जिसमें नारायण सेवा संस्थान के साथ इटली, स्वीडन, जर्मनी, यूएसए, भारत व बांगलादेश आदि देशों की 10 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भाग लिया।

इस ग्लोबल पार्टनरशिप एक्सचेंज समिट में नारायण सेवा संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, सेवक प्रशांत अग्रवाल ने संस्थान की परंपरा और उद्धेश्य को साझा किया। संस्थान के उपाध्यक्ष श्री मनोज बारोट ने संस्थान के प्रमुख उद्देश्य 'गॉट लिम्ब्स' जो कि सन् 2030 तक वैश्विक स्तर पर 1 लाख दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की।

संस्थान के प्रोस्थेटिक्स एण्ड ओर्थोटिक्स विभाग के प्रमुख डॉ मानस रंजन साहू ने उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रोस्थेटिक्स एण्ड ओर्थोटिक्स के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए जा रहे व्यापक कार्यों को दर्शाया, जो कि नारायण सेवा संस्थान के कार्यों के वैश्विक प्रभाव को और अधिक प्रमुख बनाता है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स सोसाइटी एक वैश्विक मान्यता प्राप्त संगठन है जो दुनिया भर के पेशेवरों को एक साथ लाता है, ताकि दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स के क्षेत्र में ज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देना है, जिससे विकलांग व्यक्तियों के लिए पहुंच और समावेशन सुनिश्चित हो सके। संस्थान भविष्य में इन प्रयासों को और बढ़ाने, वैश्विक संबंधों को मजबूत करने और विकलांग व्यक्तियों के जीवन में वैश्विक स्तर पर सार्थक प्रभाव बनाने के लिए तत्पर है।

डी गुकेश के वर्ल्ड चैस चैंपियन बनने पर लेकसिटी में खुशी की लहर

उदयपुर (पुकार)। भारत के डी गुकेश के वर्ल्ड चैंपियन बनने पर उदयपुर के शतरंज खिलाड़ियों ने खुशी मनाई। खिलाड़ियों व पदाधिकारी ने केक काटकर व एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की गई व खुशी जाहिर करी सभी ने कहा कि इससे देशभर में शतरंज को एक नया आयाम मिलेगा। इस अवसर पर बुध्दिबल सेवा संस्थान द्वारा संचालित चेस इन लेकसिटी के पदाधिकारी संरक्षक तुषार मेहता, अध्यक्ष राजीव भारद्वाज, उपाध्यक्ष डॉ ओम साहू, राजस्थान राज्य संघ के राजेंद्र तेली, एडवोकेट मनीष मोगरा, प्रशिक्षक विकास साहू ,निलेश कुमावत ,मनीष चंडालिया, कुशल पटेल, भावेश, कपिल साहू, रिचिंन जैन व समस्त पदाधिकारी व सीआईएल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ चेस के खिलाड़ियों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए ने सभी ने बधाई प्रेषित की गई । प्रशिक्षक विकास साहू ने बताया कि साल 2020 में मुंबई में हुई प्रतियोगिता के दौरान डी गुकेश से मुलाकात हुई थी। इस दौरान शतरंज को लेकर काफी चर्चा हुई और उन्होंने अपने लक्ष्य के बारे में भी बताया।

सीआईएल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ चेस की मेजबानी में तृतीय एडवोकेट प्रेमचंद मोगरा स्मृति विंटर कप रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता 25 दिसंबर से आर्बिट रिसोर्ट, न्यु भोपालपुरा, आर.के. सर्कल मे आयोजित होगी। आयोजन प्रमुख एडवोकेट मनीष मोगरा ने बताया कि प्रतियोगिता प्रथम चक्र प्रातः 10.00 बजे खेला जाएगा प्रतिभागियों के लिए आयोजकों के द्वारा निःशुल्क लंच व ठहरने की व्यवस्था की गई है।

नंदलाल जोशी संभाग प्रभारी नियुक्त

उदयपुर (पुकार)। मेवाड़ जनशक्ति दल संभाग अध्यक्ष जगदीश मेनारिया ने बताया कि संगठन के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के अनुशंसा पर सदस्यता अभियान में उदयपुर संभाग में डॉक्टर नंदलाल जोशी को अतिरिक्त पदभार देते हुए सदस्यता अभियान का संभाग प्रभारी नियुक्ति किया यह जानकारी जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल ने दी।

भाजपा उदयपुर शहर जिला संगठन पर्व में भी राजस्थान में अव्वल

उदयपुर (पुकार)। भाजपा शहर जिला उदयपुर ने सदस्यता अभियान में पूरे राजस्थान में अव्वल आने के बाद संगठन पर्व के तहत पूरे राजस्थान में सबसे पहले सभी 601 बूथों का चुनाव करवा कर बूथों की 11 सदस्यीय टीम नियुक्त की एवं फोटो युक्त बूथ समितियां बनाकर जयपुर भेजी।

भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने बताया कि संगठन पर्व 2024 के तहत प्रथम चरण में सभी बूथों पर चुनाव पूर्ण करवा के बूथ अध्यक्ष के साथ 11 सदस्यीय टीम की घोषणा का कार्य पूरे राजस्थान में सर्वप्रथम उदयपुर शहर जिले ने ही पूर्ण किया है। 11 दिसंबर को जयपुर में प्रदेश की बैठक में संगठन पर्व जिला सहयोगी एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री वीरमदेव सिंह ने यह जानकारी उदयपुर शहर जिले के बारे में दी एवं प्रदेश बैठक में उदयपुर शहर जिला की सभी ने सराहना की।

जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने बताया कि उदयपुर शहर जिले में संगठन पर्व को लेकर जिला उपाध्यक्ष तखत सिंह शक्तावत एवं खूबी लाल पालीवाल को सह प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई एवं 12 ही मंडलों में जिला महामंत्री डॉ किरण जैन, गजपाल सिंह राठौड़, मनोज मेघवाल, पूर्व महापौर रजनी डांगी, देहात जिला उपाध्यक्ष रामकृपा शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सुथार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम सिंह शक्तावत, अतुल चंडालिया, जिला मंत्री करण सिंह शक्तावत, अमृत मेनारिया, गजेंद्र भंडारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंघल को संगठन पर्व के तहत एक एक मंडल के बूथों के चुनाव एवं समिति गठन की जिम्मेदारी दी गई। सभी ने मंडल में प्रवास करके बूथ अध्यक्ष व बूथ समितियों का चुनाव करवा के गठन किया एवं सभी के संगठनात्मक अनुभव, प्रवास एवं मेहनत से उदयपुर शहर जिला इस प्रक्रिया में पूरे राजस्थान में अव्वल रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.